फाल्गुन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत् 2081 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-08, अंक - 229 पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
13 फरवरी 2025 गुरुवार

आज का मौसम
27 अधिकतम
10 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो



Page-7

## संसद के दोनों सदनों में हंगामा, सरकार बोली - असहमतियां डिलीट नहीं

# वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश, कांग्रेस ने कहा- फर्जी

**नईदिल्ली, एजेंसी**

संसद के बजट सत्र के पहले चरण के आज अंतिम दिन राज्यसभा में भाजपा सांसद मेधा कुलकर्णी ने वक्फ बिल पर जेपीसी रिपोर्ट पेश कर दी। इस पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। लोकसभा की कार्यवाही भी पांच मिनट ही चल सकी कि विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। जिससे कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दी गई। उधर राज्यसभा ने रिपोर्ट को स्वीकार भी कर लिया है। जबकि विपक्षी सदस्यों ने वक्फ बिल को वापस लेने की मांग करते हुए इसे अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर हमला बताया है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन ख?गे ने कहा- जेपीसी की यह रिपोर्ट फर्जी है। इसमें विपक्ष की असहमतियों को डिलीट कर दिया गया। ये असंवैधानिक है। हालांकि संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा इस बिल में सारी चीजें हैं। कुछ भी डिलीट नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विपक्ष सदन को गुमराह कर रहा है। रिपोर्ट नियमों के मुताबिक ही तैयार की गई है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि विपक्ष गैरजरूरी मुद्दा उठा रहा है, वक्फ संशोधन बिल जिस मंत्रालय से संबंधित है, वह अल्पसंख्यक मंत्रालय मेरे ही पास है। जेपीसी के सदस्य रहे संजय सिंह ने कहा कि हमने अपना पक्ष रखा, हमारे पक्ष से आप सहमत-असहमत हो सकते हैं लेकिन उसको कूड़ेदान में कैसे डाल सकते हैं। आज वक्फ की संपत्तियों पर कब्जा कर रहे हैं, कल गुरुद्वारा, चर्च और मंदिर की करेंगे। रुचि शिवा ने कहा कि जो सदस्य कमेटी में होते हैं, उनकी असहमति को लेकर डिसेंट नोट के साथ रिपोर्ट का नियम है, इसमें इसका पालन नहीं किया गया। ज्ञात हो कि जेपीसी ने तीस जनवरी को ड्रॉफ्ट रिपोर्ट लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को सौंप दी थी। यह रिपोर्ट 655 पन्नों की हैं। 16 सदस्यों ने इसके पक्ष में वोट डाला। वहीं 11 मेंबर्स ने विरोध किया। कमेटी में शामिल विपक्षी सांसदों ने इस बिल पर आपत्ति जताई।





### नया इनकम टैक्स बिल भी पेश

सदन में आज वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नया इनकम टैक्स बिल भी पेश कर रही है। सरकार का दावा है कि यह मौजूदा इनकम टैक्स एक्ट-1961 को सरल बनाकर आयकर कानून को आम लोगों के समझने योग्य बनाएगा और इससे जुड़ी मुकदमेबाजी घटेगी। नया इनकम टैक्स बिल मौजूदा इनकम टैक्स-1961 से आकार में छोटा है। हालांकि, धाराएं व शेड्यूल ज्यादा हैं। 622 पन्नों के नए बिल में 23 चैप्टर में 536 धाराएं हैं और 16 शेड्यूल हैं, जबकि मौजूदा आयकर अधिनियम में 298 धाराएं, 14 शेड्यूल हैं और यह 880 से ज्यादा पन्नों का है।

# बड़े फैसले से पहले बंगलों और पोस्टरों से तापमान आंकने का दौर

## भाजपा अध्यक्ष के लिए अब सस्पेंस गहराया

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष को लेकर फिलहाल कोई फैसला नहीं हो पा रहा है। दावेदारों समेत तमाम नेताओं की निगाहें दिल्ली की तरफ हैं। मगर भोपाल में नरोत्तम मिश्रा के सरकारी आवास पर खाी गहमागहमी देखी जा रही है। इसी मोहल्ले में रहने वाले काबीना मंत्री राजेंद्र शुक्ला के यहां अपेक्षाकृत शांति है, जबकि उन्हें भी संभावित अध्यक्षों की सूची में रखा जा रहा है। बीते दिनों पीएम मोदी से उनकी मुलाकात के बाद यह कयास और तेज हुए थे। जबकि दो दिन पहले मौजूदा अध्यक्ष वीडी शर्मा की दिल्ली में मुलाकातों के बाद उन्हें फिर मौके देने की चर्चा भी चली थी। वे शाह से मिले थे। लेकिन भोपाल में केंद्रीय मंत्री सिंधिया के अपने दो समर्थक मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, तुलसीराम सिलावट व ढेरों समर्थकों के साथ नरोत्तम मिश्र के आवास पर पहुंचने के भी कई अर्थ निकाले जा रहे हैं। सिंधिया अकेले ही नरोत्तम बंगला पहुंचने वाले नेता नहीं है, बल्कि उसके पहले एदल सिंह कंषाना, कैलाश विजयवर्गीय समेत कई मंत्री भी नरोत्तम से मिल चुके हैं।

इन सरगर्मियों के बीच अंतिम फैसले के लिये हाइकमान चुनाव अधिकारी के रूप में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को भेजने वाला है। हालांकि उनके 5 फरवरी के आसपास आने का अनुमान था, अब वह कभी भी मप्र आ सकते हैं। लिहाजा इसके पहले भाजपा के अलग-अलग खेमे सक्रिय हैं। सूत्रों के मुताबिक यदि मौजूदा अध्यक्ष वीडी शर्मा को फिर मौका नहीं मिला तो फिर कम से कम चार नाम के बीच फैसला होगा। इनमें सामान्य वर्ग व दलित-आदिवासी वर्ग के नामों में से फैसला होगा। नरोत्तम के अलावा भाजपा गलियारों में हेमंत खंडेलवाल के नाम की चर्चा भी चलती रही है। इनके अलावा महिला नेताओं व सांसद सुमेर सिंह सोलंकी व राजधानी के विधायक रामेश्वर शर्मा समेत कई नाम तैर रहे हैं।





### बधाई देने वाले कौन !

हालांकि अभी प्रदेश भाजपा में अध्यक्ष को लेकर नई घोषणा बाकी है लेकिन दो दिन पहले जब केंद्रीय नेतृत्व ने वीडी को दिल्ली बुलाया तभी बैतूल में हेमंत खंडेलवाल को बधाई देने वाले पोस्टर छप गए। जिसमें उन्हें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाईयां दी गईं। यह पोस्टर राजधानी भोपाल तक भी पहुंचा। हालांकि इसे अनुशासन से जोड़कर भी देखा गया है। सूत्रों की मानें तो खंडेलवाल को कहा गया है कि वे अपने समर्थकों को नियंत्रित रखें। यह भी कहा जा रहा है कि बधाई संदेश वाला पोस्टर हेमंत के शुभचिंतकों के नाम से उनके ही विरोधियों ने टंगवाए हैं।

# महाकुंभ की भीड़ में फंसकर परीक्षा छूटी तो मिलेगा दोबारा मौका



प्रयागराज में भारी जनसैलाब

**प्रयागराज, एजेंसी**

महाकुंभ में भीड कम होने के नाम नहीं ले रही है। इसके चलते प्रयागराज शहर के लोगों की रोजमर्रा की गतिविधि ठप हैं। पूरे शहर में कई दिनों से जाम है। संगम में एक महीने में करीब 48 करो? से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। भी? को देखते हुए 15 फरवरी तक प्रयागराज में 8वीं तक के स्कूल बंद रखे गये हैं, लेकिन पढ़ाई ऑनलाइन होगी। आज से आईसीएसई और सीआईएसई बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू हो गई हैं। ऐस में जाम में फंसने से अगर किसी छात्र की परीक्षा छूट जाती है तो बोर्ड नई डेट पर उसकी परीक्षा कराएगा। इधर, कल माघ पूर्णिमा पर स्नान के लिए पहुंचे श्रद्धालु घर जाने के लिए स्टेशन और बस अड्डों पर रातभर भटकते रहे। थक-हारकर कई श्रद्धालु रैन बसेरों में चले गए। रातभर स्टेशन और बस अड्डे यात्रियों से खचाखच भरे रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड के वॉर रूम से गाड़ियों की मॉनिटरिंग की। रात 9 बजे वे अचानक निरीक्षण पर पहुंचे। अधिकारियों से कहा- महाकुंभ के श्रद्धालुओं को पूरी सुविधा दी जाए। स्पेशल गाड़ियों का लगातार संचालन किया जाए।

# मां की आंख में मिर्च झोंककर दिनदहाड़े बच्चे का अपहरण

**ग्वालियर, एजेंसी**

आज सुबह मुरार क्षेत्र में एक बच्चे के अपहरण की वारदात सामने आई है। बताया जाता है कि शहर के कारोबारी राहुल गुप्ता की पत्नी जब बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही थीं, तो बाइक सवार दो बदमाशों ने उनकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया। इसके बाद बच्चे को उठाकर बाइक पर बैठकर भाग निकले। कारोबारी की पत्नी उनके पीछे दौड़ी लेकिन तब तक वो दूर निकल गए थे। यह पूरी वारदात वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज के आधार पर किडनैपर्स की तलाश जारी है। घटना के बाद से माता-पिता और आस-पास के लोग सड़क पर बैठ गए और उनकी पत्नी पुलिस से बार-बार अपने बच्चे को वापस लाने की गुहार कर रहे हैं। मुरार सीपी कॉलोनी से किडनैप हुए बच्चे (शिवाय गुप्ता) या अपहरणकर्ताओं की जानकारी देने वाले को आईजी अरविंद सक्सेना ने तीस हजार रुपये की इनाम राशि देने घोषणा की है। उन्होंने जानकारी देने के लिए +91 91310 46472 नंबर जारी किया है।



सीसीटीवी में कैद हुई घटना

# मोदी अमेरिका पहुंचे, तुलसी से मिले अब ट्रंप से होगी मुलाकात



द्विपक्षीय संबंधों पर जोर

**वाशिंगटन, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिनों यात्रा पर आज तड़के अमेरिका पहुंच गए हैं। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड से मुलाकात की है। आज वे राष्ट्रपति ट्रंप से भी मिलेंगे। अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने कल ही तुलसी गबार्ड की नेशनल इंटेलिजेंस डायरेक्टर (खुफिया निदेशक) के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की है।इस मुलाकात को लेकर पीएम मोदी ने लिखा- मुलाकात के दौरान तुलसी गबार्ड को उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। भारत-अमेरिका के बेहतर रिश्तों से जुड़े कई मुद्दों पर बात की, जिसकी वे हमेशा से समर्थक रही हैं। अमेरिका पहुंचने से पहले मोदी फ्रांस के दौरे पर थे। यहां उन्होंने फ्रेंच राष्ट्रपति के साथ एआई समिट की सह-अध्यक्षता की और कई द्विपक्षीय मुद्दों पर बात की। आज वे कई बिजनेस लीडर्स और भारतीय समुदाय के लोगों से भी मिलेंगे।

## तीन राज्यों में कांग्रेस अध्यक्ष बदलने की तैयारी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संकेत दिया है कि जल्द ही तीन चार राज्यों में कांग्रेस का नेतृत्व परिवर्तन होगा। दरअसल कर्नाटक में पार्टी नेतृत्व में बदलाव की खबरें तेज हैं। वहां के एक मंत्री ने हाल में उनसे चर्चा की है। इसके चलते खरगे ने कहा कि नेताओं का उनसे मिलना %कोई बड़ी बात नहीं% है। लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, ÷हमने ओडिशा अध्यक्ष को बदल दिया है और पिछड़े वर्ग से एक नेता को नियुक्त किया है। हमने 3-4 जगहों पर बदलाव किए हैं। हम एक के बाद एक बदलाव कर रहे हैं और आने वाले दिनों में 2-3 और राज्यों में नेतृत्व बदलेंगे।

## चार डिग्री तक लुढ़का पारा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश में दिन के तापमान में फिर से गिरावट आई है।भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत 11 शहरों में पारा 30 डिग्री से नीचे आ गया है।। ग्वालियर में 3.7 डिग्री की गिरावट के साथ पारा 27.8 डिग्री दर्ज किया गया। अब अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। फरवरी महीने में पारे में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी। दरअसल कश्मीर के ऊपर एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) एक्टिव हो गया है। इस वजह से कल से दिन के तापमान में गिरावट देखने को मिली है।

**मेट्रो एंकर**

## पुराना स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल होगा इस्तेमाल

# 280 दिन बाद धरती पर लौटेंगे अंतरिक्ष में फंसे एस्ट्रोनॉट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

महज आठ दिनों के लिए अंतरिक्ष में गई सुनीता विलियम्स की वापसी अब आठ महीने बाद संभव नजर आ रही है। वे इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन में फंसी हैं। उनके धंसे गाल, कमजोर शरीर देखकर डॉक्टर भी चिंता जाहिर कर चुके हैं। वहीं राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रम्प ने इलॉन मस्क से कहा था- बहादुर अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाओ, जिन्हें बाइडेन ने अंतरिक्ष में छोड़ दिया है। अब बताया जा रहा है कि सुनीता की वापसी का प्लान फाइनल हो गया है। उन्हें 12 मार्च को धरती पर लाया जाएगा। हालांकि यह बहुत जटिल होगा, कहा जाता है कि लंबे समय अंतरिक्ष में रहने के बाद यात्री को सामान्य जीवन में लौटने में बहुत मुश्किल होती है क्योंकि वह चलना तक भूल जाते हैं। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने अब कहा है कि विलियम्स और बुच विल्मोर को धरती पर वापस लाने का मिशन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ मिलकर पूरा किया जाएगार। इसके लिए पुराना स्पेसएक्स ड्रैगन कैप्सूल का इस्तेमाल किया जाएगा। खबरें थीं कि सुनीता को लेने के लिए नया कैप्सूल बनाया जा रहा है, लेकिन देरी के चलते पुराने कैप्सूल से मिशन पूरा करने का फैसला लिया गया। खबरों के मुताबिक एक स्पॉट पर लगातार एक ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट खड़ा है ताकि स्पेस स्टेशन में आग लगने जैसी किसी इमरजेंसी में एस्ट्रोनॉट इस पर सवार हो सकें। ये एक लाइफ बोट की तरह है। दूसरे स्पॉट पर स्पेसक्राफ्ट आते-जाते रहते हैं। यहीं पर स्पेसएक्स का ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट कैप्सूल क्रू-10 को लेकर पहुंचेगा। इसके बाद सुनीता और बुच इसी कैप्सूल में बैठेंगे और अनडॉकिंग प्रोसेस शुरू होगी।



### चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा

बताया जाता है कि स्पेस स्टेशन से धरती की दूरी 400 किमी है। धरती से पृथ्वी का वायुमंडल आसमान की ओर 100 किमी दूर है। धरती पर पहुंचने के लिए लगभग 3 घंटे का समय लगेगा। यहां से निकलकर सुनीता और बुच का स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी के वायुमंडल यानी एटमॉस्फियर में एंटर करेगा, जिसे 'रीएंट्री' कहते हैं। यह प्रोसेस सबसे ज्यादा खतरनाक और जानलेवा साबित होने का अंदेशा रहता है। बताते हैं कि जब भी कोई एस्ट्रोनॉट धरती पर अ ाता है तो उसकी बॉडी में कई तरह के बदलाव हो जाते हैं, क्योंकि अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण (माइक्रोग्रैविटी) नहीं होती है जबकि धरती पर हर एक एक्टिविटी ग्रैविटी पर निर्भर करती है। लिहाजा अंतरिक्ष से 280 दिन बाद वापस धरती पर आने के बाद सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

## बोटिंग का आनंद...



भोपाल। राजधानी में इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है। दिन में धूप और सुबह शाम ठंडी हवा इसे और सुकूनदायक दिन बना रही है। इसके चलते शहर के पर्यटन स्थलों पर खासी भीड़ है। खासतौर पर बोट क्लब पहुंचकर लोग बड़े तालाब की लहरों पर बोटिंग का लुत्फ ले रहे हैं।

## कोकता के पीएम आवासों में नगर निगम की वादाखिलाफी



भोपाल दोपहर मेट्रो। कोकता ट्रांसपोर्ट नगर में प्रधानमंत्री आवास योजना एलआईजी, एमआईजी में कम्युनिटी हॉल, सीसीटीवी कैमरा, भव्य गेट, ये सब बाते निगम के ब्रोसर में दिखाया गया हैं लेकिन निगम सुनवाई नहीं कर रहा हैं जिससे लोगों को परेशानी हो रही हैं। इस कालोनी के रहवासी विनोद प्रजापति ने कहा कि हमने इस बारे में नगर निगम को लिखित में भी दिया है है, लेकिन वादा निभाने के नाम पर स्थिति शून्य है।

## साईंनाथ नगर में लगे कचरे के ढेर, सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

भोपाल, दोपहर मेट्रो।

कोलार के वार्ड 80 में आने वाली कॉलोनी साईंनाथ नगर के रहवासी बीते कई दिनों से परेशान हो रहे हैं। यहां पर कई जगह कचरा एकत्रित करके उनके ढेर लगाकर यूं ही छोड़ दिया जाता है। कई-कई दिनों तक यहां से कचरा उठाया ही नहीं जाता है। परेशान रहवासी इसकी शिकायत कई बार कर चुके हैं, इसके बाद भी इस मामले में नगर निगम प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। कुछ रहवासियों ने इसकी सीएम हेल्पलाइन में भी की है, लेकिन इस पर अब तक कोई एक्शन नहीं हुआ है। इसके अलावा, साईंनाथ नगर कॉलोनी में ड्रेनेज की सही व्यवस्था नहीं होने के कारण घरों से निकलने वाला गंदा पानी ओवरलो होकर सड़कों पर बहता है, जिससे कॉलोनी से गुजरने वाले परेशान होते हैं। यहां पर कई स्थानों पर गंदा पानी



भरने के कारण में बीमारियां और बदबू भी हमेशा बनी रहती है। रहवासियों ने संबंध में कई बार निगम प्रशासन और वार्ड प्रभारी को शिकायत दर्ज कराई, लेकिन हालात जस के तस बने हैं। कॉलोनी की मुय आवाजाही वाली सड़क खराब होने से लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि कॉलोनी में ड्रेनेज लाइनें और नाली निर्माण नहीं होने के कारण सड़कों पर हमेशा गंदा पानी बहता रहता है। इससे बदबू और गंदगी हो रही है। कोलार मेन रोड से कॉलोनी जाने वाली सड़क भी डैमेज हो गई है। कई-कई दिनों तक यहां पर झाड़ू नहीं लगाई जाती। झाड़ू जब लगती है, तो नगर निगम कर्मचारी कचरा नहीं उठाते। रहवासियों ने बताया कि कॉलोनी में सफाई का भी अभाव हमेशा देखा जाता है। कॉलोनी में कई-कई दिनों तक झाड़ू नहीं लगाई जाती और जब झाड़ू लगती है, तो कचरा जहां का तहां पड़ा रहता है। कचरे को उठाया ही नहीं जाता। ऐसे में निगम प्रशासन को इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए कॉलोनी में समय-समय पर साफ-सफाई भी करवानी चाहिए। कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि कई स्थानों पर सीवेज लाइन के चेंबर पुराने होने के कारण यहां से हमेशा गंदगी बहती रहती है। यह गंदा पानी हमेशा कॉलोनी की सड़कों पर बहता है।

## अटलजी जन्म शताब्दी वर्ष में वरिष्ठ भाजपाइयों का सम्मान



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी वर्ष में अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भाजपा संतनगर मंडल ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और उनके परिजनों का सम्मान किया। मंडल अध्यक्ष मनीष बागवानी ने दिवंगत भाजपा नेता नानकराम वाधवानी के परिजन मनोज वाधवानी, दिनेश वाधवानी का सम्मान किया। सरदार भागसिंह सलूजा का भी स्वागत किया गया। पार्टी के प्रति सेवाओं के लिए आभार जताया। इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी सूरज यादव, सहप्रभारी महेश खटवानी, शेटी चंदनानी, सुमित आहूजा, उमेश नागर, शिव मिश्रा, किशोर साधवानी, विष्णु बंसल अन्य मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर रूद्र अभिषेक के निमंत्रण पत्र का विमोचन



हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संतनगर में महाशिवरात्रि पर रूद्र अभिषेक, कालसर्प, पितृदोष, ग्रह शांति निवारण, पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं ग्रह बाधा शांति पूजन किया जाएगा। नुक्कड़ वाली माता मंदिर समिति महाशिवरात्रि महोत्सव मनाएगी। बुधवार को आयोजन के निमंत्रण पत्र का विमोचन किया गया। मंदिर के पुजारी पंडित रवि पटेरिया ने बताया कि पूजन में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं को पहले से संपर्क करना प?गा। वह मोबाइल नंबर 8319367248, 9993031633, बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी 7470822287 से सम्पर्क कर सकते हैं। पूजन सामग्री समिति द्वारा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। निमंत्रण पत्र के विमोचन अवसर पर आचार्य जीवन प्रसाद तिवारी, रामचंद सबनानी, विवेक नगरुरकर, अनिल बाथम, नवीन रामचंदानी, राधा राजपूत, रुप कुमार सोनी, कमलेश देवानी, राजकुमार धानुक, प्रभु मूलचंदानी व अन्य शामिल थे।

मेट्रो एंकर

संत रविदासजी की जयंती पर महाआरती

## संत रविदास ने हमेशा मानवता को सर्वोपरि माना- रामेश्वर

हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।

संत रविदास स्कूल एसोसिएशन ने संत रविदासजी की जयंती मनाई। मुख्य मार्ग के भगत कंवरराम चौराहे पर महाआरती की गई। विधायक रामेश्वर शर्मा ने संत रविदास को नमन कर समाज कल्याण के लिए उनके कार्यों व विचारों को याद किया। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह सुंदरकांड पाठ के साथ हुई। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। विधायक शर्मा ने कहा संत रविदास ने हमेशा मानवता को सर्वोपरि माना और जाति-धर्म के भेदभाव को मिटाने का संदेश दिया। उनके विचारों को अपनाकर समाज में समानता के भाव का साकार किया जा सकता है। उनकी शिक्षाएं आज भी एकता, सद्भावना व चरित्र निर्माण हेतु सर्वथा अनुकरणीय हैं। कार्यक्रम में महापौर काउंसिल के सदस्य राजेश हिंगोरानी, भाजपा नेता राम बंसल, राहुल राजपूत प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके अलावा राजू अहिरवार, अर्जुन सिंह सूर्यवंशी, गुलाब सिंह मालवीय, राकेश अहिरवार, विष्णु गौड़ एवं फूल विक्रेता संगठन के पदाधिकारी सम्मिलित हुए। संत रविदास स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों ने राजा रामनगर में संत रविदासजी के मंदिर के लिए जमीन आवंटन की मांग की। विधायक ने मांग को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया।



### सामाजिक समरसता का संदेश दिया रविदासजी ने-आलोक

भाजपा गुरूनानक मंडल ने संत रविदासजी की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया। ईदगाह हिल्स स्थित योग केंद्र सांसद आलोक शर्मा द्वारा समाज के 101 वरिष्ठजनों के पद प्रक्षालन किया गया। शॉल एवं 101 बच्चों को स्कूल बैग भेंट किए गए। सांसद शर्मा ने कहा संत रविदास का जीवन और उनकी शिक्षाएं हमें समाज में समानता, प्रेम, भक्ति और सादगी का महत्व सिखाती हैं। संत रविदास ने समाज में व्याप्त जातिवाद का विरोध किया और मानव मात्र को समान बताया। मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा संत रविदास द्वारा रचित अनेक पद और दोहे सिखों के पवित्र ग्रंथ %गुरु ग्रंथ साहिब% में भी संकलित हैं। उनके दोहे सरल भाषा में गहरे आध्यात्मिक संदेश देते हैं। कार्यक्रम में महेश मकवाना, सूरज भदौरिया, विकास सोनी सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### हजयात्रा पर नहीं जा पाएंगे दस साल से कम उम्र के बच्चे

**भोपाल.** दस साल या इसमें कम उम्र के बच्चे हजयात्रा पर नहीं जा पाएंगे। इसे लेकर सउदी अरब ने रोक लगा दी है। हजयात्रा के नियमों में संशोधन किया गया है। भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा को देखते ये निर्णय हुआ है। सउदी अरब ने दस साल या इससे कम उम्र के बच्चों की एंट्री पर रोक लगा दी है। हजयात्रा के नियमों में संशोधन करते हुए यह फैसला लिया गया। इस साल अगर इसे लागू किया गया तो देश और प्रदेश से यात्रा पर जाने वालों की संया में अंतर आएगा। सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन को देखते हुए ये फैसला लिया गया। प्रदेश से हजयात्रा पर जाने वालों का चयन हो चुका है। चुने गए लोगों में कुछ दस साल से कम उम्र के भी हैं। अगर रोक इस साल से प्रभावी हुई तो इनका नाम यात्रा की सूची से कट जाएगा। हज कमेटी के पदाधिकारियों के मुताबिक अभी उन तक इसका सर्कुलर नहीं आया है।

### गत माह पूर्व मंत्री के खिलाफ हेमंत कटारे ने खोला था मोर्चा

# विस सत्र से 28 दिन पहले उप नेता प्रतिपक्ष पर दर्ज कराई एफआईआर !

**मामला 16 साल पहले आईएसबीटी अंतरराज्यीय बस स्टैंड में नियम विरूद्ध भूखंड हासिल करने के आरोप बीडीए के पूर्व सीईओ पीके राही व उनके ओएसडी रहे मनोज वर्मा भी आरोपी**




भोपाल. दोपहर मेट्रो।

विधानसभा सत्र शुरू होने के महज 28 दिन पहले विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे के खिलाफ आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने धोखाधड़ी समेत अन्य मामले में एफआईआर दर्ज की है। ने एफआइआर दर्ज की है। मामले में कटारे की मां, भाई, उनकी भाभी और भोपाल विकास प्राधिकरण के पूर्व सीईओ पीके राही और उनके ओएसडी रहे मनोज वर्मा को भी आरोपी बनाया है।

कटारे पर आरोप है कि उन्होंने भोपाल विकास प्राधिकरण से वर्ष 2004 से 2009 के बीच अवैध रूप से आईएसबीटी में भूखंड आवंटित कराया था। कटारे ने करीब एक महीने पहले पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ प्रेसवार्ता की थी और उन पर परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा मामले में कई आरोप लगाए थे। अब एफआईआर दर्ज होने के बाद कटारे ने इसे झूठा बताया और सीएम पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

### 10 साल तक चली जांच पर ही सवाल

भोपाल के हर्ष वर्धन नगर निवासी शिकायतकर्ता सीआर दत्ता ने वर्ष 2015 में शिकायत की थी। तब ईओडब्ल्यू ने प्राथमिकी दर्ज की थी। दत्ता ने आरोप लगाए थे कि मेसर्स हाई स्पीड मोटर्स भोपाल व उनके साझेदार हेमंत कटारे व अन्य ने 2004 से 2009 के बीच बीडीए से एक योजना में नियम विरुद्ध तरीके से प्लाट हासिल किया। बीडीए के तत्कालीन सीईओ व अन्य ने दस्तावेजों में हेरफेर कर अन्य लोगों को लाभ से वंचित रखते हुए मेसर्स हाई स्पीड मोटर्स भोपाल मदद की थी। मेसर्स हाई स्पीड मोटर्स भोपाल, उनके मालिकान व बीडीए के तत्कालीन अफसरों ने नियम विरुद्ध तरीके से उक्त प्लॉट के भूमि उपयोग में बदलाव किए और उसे व्यावसायिक बनाया गया।
आवंटित प्लॉट की कीमत का निर्धारण भी मेसर्स हाई स्पीड मोटर्स को बिना निविदा के अनुचित लाभ पहुंचाते हुए किया गया।
ईओडब्ल्यू के जांच अधिकारी निरीक्षक हरिओम दीक्षित ने जांच में दावे किए कि मेसर्स हाई स्पीड मोटर्स भोपाल, उनके मालिकान हेमंत कटारे समेत अन्य के खिलाफ हुई जांच की शिकायत में आरोप सही पाए गए। अधिकारियों के मुताबिक मेसर्स हाई स्पीड मोटर्स के हेमंत कटारे, योगेश कटारे, मीरा कटारे, रुचि कटारे के द्वारा भोपाल विकास प्राधिकरण के तत्कालीन सीईओ केपी राही, ओएसडी मनोज वर्मा व अन्य ने आपराधिक षड्यंत्र किया। ईओडब्ल्यू ने सभी आरोपियों के खिलाफ धारा 120 बी 420 468, 471 भादवि एवं 13(2) सहपठित धारा 13 (1) (डी) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# माशिमं: बोर्ड परीक्षाओं को लेकर तैयारियां पूरी, 5 मार्च से शुरू होगा मूल्यांकन



### 17 लाख से अधिक विद्यार्थी होंगे शामिल

इस बार माशिमं की दसवीं-बारहवीं की मुख्य परीक्षाओं में 17 लाख से अधिक विद्यार्थी शामिल होंगे। 3500 से अधिक परीक्षा केंद्रो पर परीक्षा आयोजित कराई जाएगी। परीक्षा के लिए 30 हजार शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। मूल्यांकन के दौरान केंद्रों पर धारा 144 लागू रहेगी। एक शिक्षक को प्रतिदिन न्यूनतम 30 व अधिकतम 45 उत्तरपुस्तिकाएं जांचने के लिए दी जाएगी।

**सबसे कम और 90 फीसदी से अधिक अंक वाली कॉपियां दोबारा चेक होंगी**

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

प्रदेश में 25 फरवरी से माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं की मुख्य परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। परीक्षाओं को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है।

खास बात यह भी है कि इस बार परीक्षा केंद्रों पर जैमर के साथ सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों को लेकर मंडल अलर्ट मोड पर है। वहीं परिणाम जल्द जारी हो सकें इसके लिए इस बार 5 मार्च से मूल्यांकन शुरू करने की तैयारी है। मूल्यांकन को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए जा चुके हैं। जिसके अनुसार, सबसे कम और सबसे अधिक नंबर पाने वाले विद्यार्थियों के मूल्यांकन पर खास नजर रखने की बात कही गई है। यानि ऐसे विद्यार्थी जिन्हें एक नंबर भी न मिला हो या जिनके नंबर 90 प्रतिशत से अधिक हो, उनकी उत्तर पुस्तिका दोबारा जांच की जाएगी।

साथ ही उनकी उत्तर पुस्तिकाओं को मुख्य परीक्षक भी जाचेंगे। हर पेज पर मिले अंकों को जोड़ने में भी विशेष सावधानी रखी जाएगी। 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में करीब 30 हजार शिक्षकों को मूल्यांकन कार्य में लगेंगे। सबसे पहले 12वीं की कापी जांचने का काम प्राथमिकता से किया जाएगा।

# ईएसबी: प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा के आवेदन अब 20 तक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षक चयन परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों के लिए काम की खबर है। मप्र कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) ने इस परीक्षा की आवेदन की तिथि में बढ़ोतरी करते हुए 20 फरवरी तक का समय दिया गया हैं। आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 16 से बढ़ाकर 25 फरवरी की गई है। अभ्यर्थियों ने आवेदन की तारीख बढ़ाने की मांग की थी। यह चयन परीक्षा 20 मार्च से शुरू होकर दो पारियों में आयोजित की जाएगी। पहली पारी की परीक्षा सुबह नौ से 11 बजे तक और दूसरी पारी में दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक आयोजित होगी। दोनों पारियों में अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्र पर एक घंटा पहले पहुंचना होगा।

# एम्स में शुरू हुआ 13वां वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन समारोह

**प्रसीजन मेडिसिन और ट्रांसलेशनल रिसर्च को मिलेगा बढ़ावा**

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित एम्स के बायोकैमिस्ट्री विभाग भारतीय जैव चिकित्सा विज्ञान अकादमी के 13वें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। भारतीय जैव चिकित्सा विज्ञान अकादमी का उद्देश्य ट्रांसलेशनल साइंसेज में अनुसंधान को बढ़ावा देना और जैव चिकित्सा अध्ययन में शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करना है।

इस सम्मेलन में कई प्रतिष्ठित गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया, जिनमें मुख्य अतिथि डॉ. सुनील मलिक, एम्स भोपाल के अध्यक्ष, आईएबीएस के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. हरी एस. शर्मा (विभाग प्रमुख, पैथोलॉजी, यूवी यूनिवर्सिटी, एम्स्टर्डम, नीदरलैंड), प्रो. अब्बास अली महदी (आईएबीएस के महासचिव एवं एरा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति), और डॉ. बी.एस. शंकरनारायण राव (आईएबीएस के अध्यक्ष एवं एनआईएमएचएएनएस के न्यूरोफिजियोलॉजी विभाग प्रमुख) शामिल थे।
इस आयोजन में नीदरलैंड्स, जर्मनी, रूस, ईरान, इराक, ताइवान, ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे विभिन्न देशों के 22 अंतरराष्ट्रीय वक्ता उपस्थित हुए, जिन्होंने हृदय और फेफड़ों की बीमारियों, मस्तिष्क विकारों और विभिन्न अंगों के कैंसर सहित कई मानव रोगों पर चर्चा की। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा, यह सम्मेलन भारत और वैश्विक स्तर पर जैव चिकित्सा अनुसंधान को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# कैडेट को बेस्ट इन ड्रिल के लिए स्पेशल अवॉर्ड से नवाजा

**आरएनटीयू के एनसीसी कैडेट्स आरडीसी परेड से लौटे, हुआ स्वागत**

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

राजधानी स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) के दो एनसीसी नेवल विंग कैडेट्स ने कर्तव्य पथ, नई दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित गणतंत्र दिवस परेड (आरडीसी) 2025 में हिस्सा लिया। अपने शानदार प्रदर्शन के बाद लौटने पर विश्वविद्यालय परिसर में उनका भव्य स्वागत किया गया।
इस अवसर पर एआईसी-आरएनटीयू और आईक्यूएसी के निदेशक नितिन वत्स, प्रो-वाइस चांसलर डॉ. संजीव गुप्ता, रजिस्ट्रार डॉ. संगीता जौहरी, एनसीसी अधिकारी सब लेफ्टिनेंट मनोज सिंह मनराल, एनसीसी इंस्ट्रक्टर दुर्गा वर्मा सहित विश्वविद्यालय के पदाधिकारीगण और साथी छात्र उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय परिवार ने कैडेट्स को फूल मालाओं से सम्मानित किया और उनके साहस, समर्पण और अनुशासन की सराहना की। बता दें कि एनसीसी कैडेट्स ने गणतंत्र दिवस कैंप के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।
लगभग छह महीने के कठिन प्रशिक्षण के बाद दिल्ली में कर्तव्य पथ पर शामिल कैडेट्स हीरालाल कुमार को बेस्ट इन ड्रिल के लिए स्पेशल अवॉर्ड से नवाजा गया।?वहीं पीओ कैडेट नीलेश साहू ने पीएम रैली में भाग लिया। दोनों ही कैडेट्स को प्रदेश वापस आने पर मप्र के राज्यपाल मंगूभाई पटेल तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा मेडल दे कर सम्मानित किया गया।

**18 तक सक्षम बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सक्रिय करने के निर्देश**

# आयुर्वेद, सिद्धा और यूनानी मेडिकल कॉलेजों में अब इनेबिल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** इनेबिल्ड बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम (एईबीएएस) स्थापित नहीं होने पर आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी मेडिकल कॉलेजों की शैक्षणिक सत्र 2025-26 की मान्यता अटक सकती है। इसको लेकर भारतीय चिकित्सा पद्धति राष्ट्रीय आयोग नई दिल्ली ने मप्र समेत देशभर के आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी मेडिकल कॉलेजों को स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं।
एनसीआईएसएम नई दिल्ली के प्रेसिडेंट डॉ रघुराम भट्ट ने समस्त आयुर्वेद, सिद्धा व यूनानी मेडिकल कॉलेजों को 18 फरवरी तक एईबीएएस यानी आधार सक्षम बायोमीट्रिक उपस्थिति प्रणाली को सक्रिय करने के निर्देश दिए हैं। अभी केवल 179 संस्थान ने ही सक्रियता दिखाई है।
एईबीएएस सिस्टम स्थापित नहीं करने वाले कॉलेजों पर मान्यता रोके जाने की तलवार लटकी रहेगी। एईबीएएस उपस्थिति प्रणाली की सक्रियता से टीचिंग व चिकित्सकीय व्यवस्था में लापरवाही पर एनसीआईएसएम अंकुश लगा डॉक्टर्स की ज्यादा उपस्थिति से छात्र व मरीज दोनों को लाभ मिलेगा।

# एनआईटीटीटीआर उच्च शिक्षा विभाग के प्राचार्यों फैकल्टी और स्टाफ को देगा ट्रेनिंग

**प्रथम चरण में 55 सहायक प्राध्यापकों को कोर टीचिंग स्किल्स विषय पर दिया जा रहा प्रशिक्षण**

भोपाल. दोपहर मेट्रो।

उच्च शिक्षा विभाग के तहत आने वाले शासकीय एवं स्वशासी महाविद्यालयों में पदस्थ शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग के प्रशिक्षण राजधानी स्थित राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान (एनआईटीटीटीआर) के में दिलाया जा रहा है। निटर भोपाल के डीन कॉर्पोरेट एंड इंटरनेशनल रिलेशन्स प्रो. पीके पुरोहित ने बताया कि प्रथम चरण में प्रधानमंत्री उत्कृष्टता एवं स्वशासी महाविद्यालय के प्राचार्यों को एकेडेमिक लीडरशिप डेवलपमेंट फॉर गवर्नेंस एंड मैनेजमेंट ऑफ द इंस्टीट्यूट, सहायक प्राध्यापकों को कोर टीचिंग स्किल्स एवं टेक्निकल स्टाफ को ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस ऑफ इक्विपमेंट्स विषय पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले प्रोग्राम में उच्च शिक्षा विभाग के प्रदेश भर के 55 सहायक प्राध्यापकों को कोर टीचिंग स्किल्स विषय पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। एनआईटीटीटीआर भोपाल के निदेशक प्रो सी.सी. त्रिपाठी ने अपने संदेश में कहा कि हमारा संस्थान टीचर्स की ट्रेनिंग में देश का अग्रणी संस्थान है। इस प्रकार की ट्रेनिंग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आदर्शों के अनुरूप टीचर्स का क्षमता संवर्धन होता है जिसका लाभ स्टूडेंट्स को मिलता है।

### समग्र शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में भी सुधार होता है

निशांत वरवड़े, आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग ने कहा कि टीचर्स ट्रेनिंग न केवल शिक्षकों की क्षमता को बढ़ाती है, बल्कि इससे समग्र शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। समाज में तेजी से हो रहे बदलाव, तकनीकी प्रगति, और वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, शिक्षकों के पास प्रशिक्षण होना अत्यंत आवश्यक है ताकि वे इन चुनौतियों का सामना कर सकें और उन्हें अपने शिक्षण में लागू कर सकें।

**मेट्रो एंकर** मुख्यमंत्री ने संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर हिंदी भवन में समारोह को संबोधित किया

# सीएम बोले- संत रविदास से जुड़े स्थलों को तीर्थ की तरह करेंगे विकसित

भोपाल, दोपहर मेट्रो

सीएम डॉ. मोहन यादव ने संत शिरोमणि गुरु रविदास से जुड़े स्थलों को तीर्थ की तरह विकसित करने की घोषणा की है। सीएम बुधवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती पर हिंदी भवन में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने जात-पात पूछे न कोई-हरि को भजे सो हरि को होई जैसे उदात्त विचारों से समाज को छुआछूत, सामाजिक असमानता, आडम्बर और अंधविश्वास के विरूद्ध जागरूक किया। संत रविदास की भावनाओं और विचारों को जन-जन तक ले जाने के उद्देश्य से उनके विचारों को शालेय पाठ्यक्रम



में शामिल किया जा रहा है। उक्त् आयोजन नवयुवक अहिरवार समाज सुधार संघ भोपाल एवं चर्मकार विकास संघ भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। उन्होंने स्मारिका और रविदास चालीसा का विमोचन भी किया।

सीएम ने कहा कि भगवान राम और भगवान श्रीकृष्ण, संत रविदास की भक्ति के आधार थे। उन्होंने राम नाम के जाप का संदेश देते हुए बताया कि भगवान व्यक्ति के भीतर है और भक्ति के लिए किसी आडम्बर की आवश्यकता नहीं है। यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, संत रविदास के दर्शन के आधार पर भारत को विश्व में आदर्श देश के रूप में स्थापित कर रहे हैं। राज्य सरकार भी इस दिशा में कार्यरत है। सागर में संत रविदास जी को समर्पितधाम का निर्माण जारी है। उज्जैन सहित राज्य के जिन स्थानों पर संत रविदास के चरण पड़े हैं, उन्हें तीर्थ के रूप में विकसित किया जाएगा।

# जेईई मेन्स-2025 के परिणाम जारी, 14 विद्यार्थियों को 100 फीसदी अंक मिले

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** एनटीए ने डेडलाइन से एक दिन पहले जेईई मेन्स 2025 सेशन-एक के प्रथम पेपर बीटेक बीई के परिणाम जारी कर दिए गए हैं। जारी बुलेटिन के अनुसार जेईई मेन रिजल्ट 12 फरवरी 2025 तक जारी होना था। जेईई मेन 2025 परीक्षा में 14 विद्यार्थियों को 100 परसेंटाइल यानि शत प्रतिशत अंक मिले हैं। इन सभी 14 में से सबसे अधिक 5 विद्यार्थी राजस्थान से हैं। 2 दिल्ली से, 2 उत्तर प्रदेश, एक-एक कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से है। इस सूची से मप्र बाहर रहा है। जेईई मेन पेपर-वन बीई बीटेक के लिए 13,11, 544 ने रजिस्ट्रेशन कराया था, इनमें से 12,58,136 ने परीक्षा में भाग लिया। उपस्थिति कुल 95.93 फीसदी रही। इसके लिए परीक्षा 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी 2025 को देश भर में 13 भाषाओं में आयोजित हुई।

## संपादकीय

# तकनीक को अवसर में बदलने की कोशिश

दुनियाभर में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की अहमियत रेखांकित हो रह है। बल्कि इसे रोजगार के अवसरों से भी जोड़ा जा रहा है। हाल में पेरिस में हुए दो दिवसीय एआई एक्शन समिट ने जहां आने वाले दौर के लिए इस बात को पुष्ट किया वहीं यह भी साफ कर दिया कि इस मामले में होड़ के बावजूद सभी देशों का आपसी तालमेल बनाए रखते हुए सावधानी से आगे बढ़ना जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ इस शिखर बैठक की सह-अध्यक्षता की और अगली शिखर बैठक की मेजबानी करने की पेशकश भी करते हुए बता दिया कि भारत इस पहल को कितनी गंभीरता से लेता है। एक्शन समिट ऐसे समय में हुई है जब चीनी कंपनी डीपसेक अपने इनोवेशन से पूरी दुनिया को एक जबरदस्त झटका दे चुकी है। कम समय और बहुत कम लागत में चैटजीपीटी से कहीं बेहतर टूल पेश करके डीपसेक ने बताया कि इस फील्ड में आउट ऑफ बॉक्स सोच से ज्यादा बड़ी चीज कुछ नहीं है। जहां तक भारत का सवाल है तो यहां कृत्रिम मेधा के इस्तेमाल के शुरूआती दौर में ठीक उसी तरह शंकाएं थीं, जिस तरह करीब चार दशक पहले कंप्यूटर आने और उसका उपयोग शुरू होते समय व्यक्त की गई थीं। मगर कंपयूटर से काम आसान हो गया। एआइ से भी कामकाज का तरीका बदलेगा। आज जब विश्व में एआइ यानी कृत्रिम मेधा को लेकर उत्साह का वातावरण है, प्रधानमंत्री ने भी पेरिस में एआइ के प्रति सकारात्मक पक्ष रख कर भारत का रुख स्पष्ट कर दिया है। इसमें कोई दो मत नहीं कि कृत्रिम मेधा के नियमन और नवाचार के बीच संतुलन कायम रखते हुए हमें आगे बढ़ना होगा। इस क्षेत्र में पूरी दुनिया के साथ कदमताल करते हुए भारत ने न केवल एआइ को अपनाया, बल्कि वह डेटा गोपनीयता को कानूनी जामा पहनाने वाले अग्रणी देशों में है। इस दिशा में उसने कई पहल की है। नीति आयोग ने इसे बढ़ावा देने के लिए रणनीति भी तैयार की है। तमाम पूर्वाग्रहों को दरकिनार कर भारत जिस तरह इस दिशा में आगे बढ़ रहा है, यह जरूरी भी था, क्योंकि न केवल अर्थव्यवस्था और सुरक्षा, बल्कि कृषि, चिकित्सा एवं शिक्षा के क्षेत्र में एआइ की बड़ी भूमिका होगी। भविष्य में भारतीय समाज का परिदृश्य भी बदलेगा। प्रधानमंत्री ने सही कहा कि एआइ से लोगों की जिंदगी बदलेगी। भारत ने इस अवसर पर प्रौद्योगिकी के लोकतंत्रीकरण का मुद्दा भी उठाया है, जो परस्पर विश्वास और पारदर्शिता के लिए आवश्यक है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो अविश्वास की भावना बनी रहेगी। एआइ से भी कामकाज का तरीका बदलेगा। कई जटिल कार्य सरलता और तेजी से होंगे। प्रधानमंत्री का कथन उचित ही है कि प्रौद्योगिकी से काम खत्म नहीं होता, उसकी प्रकृति बदल जाती है। इस लिहाज से देखें, तो एआइ के बढ़ते इस्तेमाल के साथ नई नौकरियां सृजित होती जाएंगी। युवाओं को अनेक अवसर मिलेंगे। वक्त आ गया है कि लोग और खासकर युवा एआइ दक्ष बनें, ताकि भविष्य में होने वाले बदलाव के लिए स्वयं को तैयार कर सकें। तभी देश भी एआइ सक्षम बनेगा। वह नवाचार की ओर भी बढ़ेगा। पारंपरिक तथा गैर-पारंपरिक क्षेत्रों में कम पूंजी और श्रम से भारत भी विश्व पटल पर नई इबारत लिखेगा। लिहाजा नई तकनीक के विकास का उपयोग सकारात्मक परिवर्तन की तरफ करने पर जोर होना चाहिये, हालांकि हर तकनीकी के खतरे भी होते हैं और जरूरी है कि इसके नकरात्मक पक्ष या गलत इस्तेमाल पर अंकुश रखने के सभी इंतजाम भी साथ चलें।

# रिश्तों में अश्लीलता घोलता सोशल मीडिया

■ ललित गर्ग

इंटरनेट मीडिया इन्फ्लुएंसर एवं यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया ने माता-पिता की गरिमा को आहत करने वाली अश्लील, अपमानजनक एवं विवादास्पद टिप्पणी करते हुए भारतीय संस्कारों एवं संस्कृति को धुंधलाने का घिनौना एवं अक्षम्य अपराध किया है। भले ही इस टिप्पणी के लिए माफी मांगी गयी हो, लेकिन रणवीर ने हास्य कलाकार समय रैना के यूट्यूब रियलिटी शो इंडियाज गाट लैटेंट में एक प्रतियोगी से उसके माता-पिता और यौन संबंधों को लेकर सवाल करते हुए यह आपत्तिजनक टिप्पणी की। इसको लेकर विवाद भड़क गया, लोगों के गहरा आक्रोश है। सामाजिककर्मियों के साथ-साथ विभिन्न दलों के राजनेता ने इसकी तीव्र आलोचना करते हुए पॉडकास्ट पर प्रतिबंध लगाने की मांग की। इस मामले पर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने यूट्यूब को नोटिस जारी किया है। साथ ही राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी सक्रिय हुआ है। इस शो में माता-पिता, महिलाओं और उनके शरीर के बारे में अभद्र एवं अश्लील टिप्पणियां की गई थीं। इसलिये रियलिटी कामेडी शो के निर्माताओं, जजों और प्रतिभागियों के खिलाफ अपमानजनक भाषा और अश्लील सामग्री के इस्तेमाल को लेकर मुंबई पुलिस के साथ-साथ देश में अन्य स्थानों पर शिकायत दर्ज कराई गयी है। सोशल मीडिया से लेकर हर जगह रणवीर की थू थू हो रही है। हर कोई उनके खिलाफ आवाज उठा रहा है और जेल भेजने की मांग कर रहा है।

तथाकथित रणवीर इलाहाबादिया के एक्स पर छह लाख से अधिक फालोअर, इंस्टाग्राम पर 45 लाख से अधिक फालोअर और यूट्यूब चैनल पर 1.05 करोड़ सब्सक्राइबर हैं। इलाहाबादिया उन ऑनलाइन कंटेंट क्रिएटर्स में से एक हैं, जो ऐसे अश्लील एवं संस्कृति-विरोधी प्रदर्शन से करोड़ों रुपये भी कमाते है, जिन्हें पिछले साल नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से राष्ट्रीय क्रिएटर्स पुरस्कार मिला था। पिछले दिनों उन्होंने डिजिटल इंडिया कॉरपोरेशन के साथ मिलकर कई कैबिनेट मंत्रियों का साक्षात्कार लिया था। इसके अलावा साल 2022 में उनका नाम फोर्ब्स अंडर 30 एशिया लिस्ट में भी आया था। 22 साल की उम्र में रणवीर ने अपना पहला यूट्यूब चैनल शुरू किया था, आज वह सात चैनलों को चला रहे हैं। पाकिस्तान से भारत आये रणवीर इलाहाबादिया का पूरा नाम रणवीर सिंह अरोड़ा है। लेकिन लोग उन्हें रणवीर इलाहाबादिया के नाम से जानते हैं। माता-पिता पर विवादित कमेंट करने से पहले रणवीर इलाहाबादिया कई बार सोशल मीडिया पर बवाल मचा चुके हैं। उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। उनके विवादास्पद बयानों की वजह से उन्हें एक बार जिम से भी बैन किया गया था। इतना ही नहीं, वो लड़कियों के कपड़ों पर भी विवादित कमेंट करने की वजह से हेडलाइन्स बटोर चुके हैं। लेकिन ऐसे विकृत सोच रखने वाले लोगों को ऐसे बड़े सम्मान मिलना भी अनेक प्रश्नों को खड़ा करता है। क्योंकि यह अभिव्यक्ति की आजादी का बेहूदा, आपत्तिजनक एवं अमर्यादित उपयोग है, यह रचनात्मकता नहीं है, यह विकृति है और ऐसे विकृत व्यवहार को सामान्य नहीं माना जा सकता। विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण तो यह स्थिति भी है जिसमें इस खराब टिप्पणी को जिस तरह




आम लोगों की जोरदार तालियां मिलीं। प्रश्न है कि आखिर हम कैसा समाज बना रहे हैं? क्यों हम अपनी संस्कृति एवं संस्कारों को घूमिल कर रहे हैं।स्मार्टफोन आने के बाद से सोशल मीडिया का प्रयोग लगातार बढ़ता ही जा रहा है। और जैसे-जैसे इसका प्रयोग बढ़ रहा है, वैसे-वैसे सकारात्मक के साथ-साथ इसके नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते जा रहे हैं। जो कि भारतीय समाज, संस्कृति और परिवार परम्परा पर सीधे आघात कर रहे हैं। भारत विरोधी तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से समाज में भौतिक वासना, नग्नता, अश्लीलता की विकृति फैलाने का काम भी हो रहा है। इससे समाज के भीतर कुंठित वासना एवं बीमार मानसिकता को जन्म दिया जा रहा है, जिसे रोकने के लिए सरकार से लेकर प्रशासन और समाज को साथ आकर कड़े कदम उठाने होंगे।

एक ओर जहां सोशल मीडिया पर अनचाहे अश्लील दृश्यों की भरमार हो रही है। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया प्लेटफार्म से होने वाली कमाई एक बड़ी वजह निकल कर सामने आ रही है। सोशल मीडिया पर किसी भी सामान्य व्यक्ति के द्वारा अपना अकाउंट बनाकर ऐसा भी कंटेट अपलोड किया जा सकता है जिसे लेकर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर किसी प्रकार की कोई रोट टोक एवं पाबंदी नहीं है। इस प्रकार के सोशल मीडिया अकाउंट बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। समाज में पैसे का लोभ दिखाकर अश्लील शार्ट फिल्म और वेब सीरीज का गौरखधंधा धडल्ले से चल रहा है। मोबाइल एप्स और ओटीटी वेब पोर्टल पर अश्लील एवं संस्कृति विरोधी कंटेंट निर्बाध रूप से होना सरकार की बड़ी नाकामी है। यही कारण है कि ऐसे सभी प्रकार के मोबाइल एप्स और वेब पोर्टल पर भी सरकारी नियंत्रण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है।तकनीक के माध्यम से भारतीय युवा एवं किशोर पीढ़ी को अपने जीवन के प्रारंभ के समय से ही कामवासना के जाल में फंसाकर उनके जीवन को गौण बनाने एवं धुंधलाने के प्रयास किये जा रहे हैं। युवा शक्ति राष्ट्र की प्रेरक शक्ति है। नैतिक मूल्यों के बिना ज्ञान न केवल बेकार हैं, बल्कि समाज के लिए भी खतरनाक हैं। यही कारण है कि हमारी युवापीढ़ी बड़ी दुविधा में है; उन्हें भारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। उन्हें दिग्भ्रमित किया जाता है, जिससे वर्तमान भारतीय समाज न केवल प्रभावित होता है, बल्कि यह भावी पीढ़ी के भविष्य पर भी प्रश्नचिन्ह लगाता है। ऐसे अनेक प्रकार के अश्लील कंटेंट देखे जा सकते हैं जिसमें अश्लीलता के माध्यम से भारतीय परिवार व्यवस्था को नष्ट करने का काम भी षडयंत्रपूर्वक किया जा रहा है। जिसकी चर्चा समाज के भीतर प्रबुद्ध लोगों को करने की आवश्यकता है ताकि समय पर जागरूकता के साथ समाज और परिवार को गर्त में जाने से रोका जा सकता है।

दरअसल, साल 2021 में रणवीर इलाहाबादिया ने महिलाओं के कपड़ों पर सेक्सिएस्ट कमेंट किया था, जिसकी वजह से उस समय भी सोशल मीडिया पर बवाल खड़ा हो गया था। इस दौरान उन्हें लोगों ने बुरी तरह से ट्रोल किया था। उन्होंने एक ट्वीट करते हुए लिखा था कि कुर्ती पहनने वाली महिलाएं, पुरुषों को घुटने टेकने पर मजबूर कर देती हैं। रणवीर की इस पोस्ट के कारण उन्हें महिलाओं का भारी विरोध झेलना पड़ा। बावजूद इसके वे नारी अस्मिता एवं अस्तित्व को कुचलने की कोशिशों में लगातार संलग्न रहे हैं। जो व्यक्ति सनातन धर्म और आध्यात्मिकता की बात करता है और बड़ी हस्तियों को अपने शो में बुलाता है, वह ऐसी विकृत मानसिकता कैसे रख सकता है?

शर्म जब बिकाऊ हो जाती है तब शर्म नहीं रहती, व्यापार हो जाती है। अभी तराजू के एक पलड़े में रुपया है और दूसरे पलड़े में नैतिकता, लज्जा, शालीनता, मूल्य और संस्कृति है। देह से जो पवित्र अभिव्यक्ति होती है, वह गायब है। देह को केवल चर्म मान लिया जाता है और चर्म का प्रदर्शन चर्म तक पहुंच गया है। बड़ी-बड़ी कम्पनियां इन सोशल मीडिया प्लेटफार्म के सहारे अपना अश्लील उत्पाद बेच रही हैं और यूट्यूब जैसे कार्यक्रमों को प्रायोजित कर रही हैं। उनके लिए सब कुछ रुपया है। जीवन मूल्यों एवं संस्कृति से कोई लेना-देना नहीं है। बहुत विस्फोटक स्थिति हो गई है। अगर ऐसे विकृत मानसिकता के लोगों की विकृति प्रसार की घटनाओं को नजरअंदाज किया गया तो अगली पीढ़ी का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। भारतीय संस्कृति को बचाने और लोगों को अच्छी चीजों के लिए प्रेरित करने के लिये सोशल मीडिया सशक्त माध्यम बन सकता है, लेकिन ऐसे रणवीर इलाहाबादिया से सोशल मीडिया को मुक्त करके ही यह संभव है।

सोशल मीडिया को नैतिक, मर्यादित एवं शालीन बनाने की जरूरत है। नैतिक मूल्यों का ह्रास होना नये भारत, सशक्त भारत एवं विकसित भारत की एक बड़ी बाधा है। क्योंकि अधिकांश युवा पीढ़ी धीरे-धीरे नैतिक मूल्यों की अवहेलना कर रही हैं। यही कारण आप अपने माता-पिता के बारे में किस तरह की बातें शेयर कर रहे हैं? क्या ये कॉमेडी है? ये बिल्कुल भी कॉमेडी नहीं है। ये स्टैंड-अप कॉमेडी नहीं हो सकती। लोगों को गाली देना सिखाना, अश्लीलता परोसना, नारी की अस्मिता को कुचलना एवं माता-पिता की छवि को धुंधला ना ऐसी विकृतियां हैं जो देश को संस्कृति-विहीन बनाती है, कमजोर करती है।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## आज का इतिहास

- 1542 - इंग्लैंड की रानी कैथरीन हवाई को मौत के घाट उतारा गया।
- 1575 - फ्रांस के राजा हेनरी तृतीय का रेम्स में राज्याभिषेक।
- 1601 - लंदन में ईस्ट इंडिया कम्पनी की पहली यात्रा का नेतृत्व जान लैंकास्टर ने किया।
- 1633 - इटली के खगोलशास्त्री गैलीलियो को रोम पहुँचने पर गिरफ़्तार कर लिया गया।
- 1688 - स्पेन ने पुर्तगाल को एक अलग राष्ट्र स्वीकार किया।
- 1689 - विलियम और मैरी इंग्लैंड के संयुक्त शासक घोषित हुए।
- 1693 - अमेरिका के वर्जीनिया में विलियम एंड मैरी कॉलेज खुला।
- 1713 - दिल्ली के सुल्तान जहाँदारशाह की हत्या गला घोंट कर की गई।
- 1739 - करनाल के युद्ध में नादिरशाह की फ़ौज ने मुग़ल शासक मुहम्मद शाह की सेना को हराया।
- 1788 - भारत में ज्यादतियों के लिए वारेन हेस्टिंग्स पर इंग्लैंड में मुकदमा चलाया गया।
- 1795 - अमेरिका में पहला स्टेट यूनिवर्सिटी उत्तरी कैरोलिना में खुला।
- 1820 - फ्रांसीसी तख्त के दावेदार ड्यूक की बेरी की हत्या कर दी गई।
- 1856 - ईस्ट इंडिया कम्पनी का लखनऊ सहित अवध पर भी कब्ज़ा।
- 1861 - नेपल्स के फ़्रांसीसी द्वितीय ने ग्यूसेपी गैरिबाल्डी के आगे हथियार डाले।
- 1880 - थॉमस एडिसन ने एडिसन इफ़ैक्ट पुष्ट किया।
- 1920 - अमेरिका में बेसबॉल की नीग्रो नेशनल लीग स्थापित हुई।
- 1931 - नई दिल्ली भारत की राजधानी घोषित हुई।
- 1941 - जर्मनी में नाजियों ने डच यहूदी परिषद पर हमला किया।
- 1945 - सोवियत संघ ने जर्मनी के साथ 49 दिन तक चले युद्ध के बाद हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट पर क़ब्ज़ा किया जिसमें एक लाख 59 हजार लोग मारे गये।
- 1959 - बच्चों की पसंदीदा बार्बी डॉल की बिक्री शुरू हुई।
- 1961 -द्वितीय विश्वयुद्ध में मित्र राष्ट्रों ने बुडापोस्ट पर कब्ज़ा किया। सुरक्षा परिषद ने कांगों में गृहयुद्ध रोकने के लिए बल प्रयोग की स्वीकृति दी।
- 1966 - सोवियत संघ ने पूर्वी कजाखस्तान में परमाणु परीक्षण किया।
- 1974 - असंतुष्ट नोबेल विजेता अलेक्जेंडर सोलजेनित्सिन को सोवियत संघ से निकाला गया।
- 1975 - तुर्की ने साइप्रस के उत्तरी भाग में अलग प्रशासन की स्थापना की।
- 1984 - पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने नौसेना के लिए मुंबई स्थित मझगांव डॉक का शुभारंभ किया।
- 1988 - बांग्लादेश में राष्ट्रपति हुसैन मुहम्मद इरशाद को हटाने के लिए विपक्षी आंदोलनकारियों की मुहिम में सैकड़ों लोग घायल हुए।
- 1989 - सोवियत सैनिक अफ़ग़ानिस्तान से हटने शुरू हुए।

# आम आदमी पार्टी का आपदाकाल

■ राकेश सैन

सावन में बहुत सी बेल-बूटियां पैदा होती हैं, जिनमें से कई तो विशाल वृक्षों से लिपटती हुई उनसे भी ऊंची उठ कर इतराने लगती हैं, पर सभी जानते हैं कि कार्तिक-माघ माह आते-आते हरित सर्पणियों सरीखी ये लताएं प्राणविहीन होने लगती हैं। कारण ढूंढें तो सामने आता है कि वृक्षों के विपरीत इन लताओं की जड़ें गहरी नहीं होतीं। देश की राजनीतिक सनसनी कहे जाने वाली आम आदमी पार्टी भी लगभग उसी मार्ग पर चलती दिखाई दे रही है, जो दीपावली के राकेट की तरह एकदम उठी और कुछ देर रोशनी बिखेर कर आज उतनी ही गति से नीचे आ रही है। दिल्ली जहां पार्टी का श्रीगणेश हुआ वहां पार्टी को कमरतोड़ पराजय का सामना करना पड़ा है। केवल पार्टी ही चुनाव नहीं हारी बल्कि उन बड़े चेहरों को भी जनता ने घर का रास्ता दिखा दिया है जो पार्टी का चेहरा माने जाते हैं। और तो और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल भी हार गए। 'आप' आज आपदाकाल से गुजर रही है यानि कह सकते हैं कि बेल पीली पड़ रही है। लेकिन इस आपदाकाल को आत्मज्ञानकाल बना लिया जाए तो बेल को पूरी तरह झुलसने से बचाया जा सकता है।सबसे बड़ी बात तो यह है कि किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था में किसी दल या संगठन को अलोकतांत्रिक पद्धति से नहीं चलाया जा सकता। परन्तु देखने में आता है कि 'आप' में आतंरिक लोकतंत्र का पूरी तरह अभाव है। गठन के पहले दिन से ही श्री केजरीवाल ने पार्टी को आत्मकेन्द्रित करना शुरू कर दिया। पार्टी जन्म से लेकर आज तक केवल वो ही राष्ट्रीय संयोजक के पद पर चले आ रहे हैं। अंदर से उन्हें किसी से चुनौती न मिले इसके लिए उन्होंने सबसे पहले अपने उन साथियों को किनारे करना शुरू कर दिया जो अन्ना आंदोलन में उनके साथ रहे। जनरल वीके सिंह, किरण बेदी, कुमार विश्वास, आशुतोष गुप्ता, योगेन्द्र



यादव, प्रशांत भूषण आदि आदि बहुत से लोगों की लम्बी श्रृंखला है जो केजरीवाल के व्यवहार के कारण उनका साथ छोड़ते गए। राष्ट्रीय स्तर पर लोकपाल का वायदा करके आई 'आप' ने अपने आंतरिक लोकपाल सेवानिवृत एडमिरल रामदास के साथ जो व्यवहार किया वह पूरे देश ने देखा। होली-होली आंदोलनकारी दूर हटते गए और सत्ताजीवी लिपटते गए। समय-समय पर वे लोग 'आप' का साथ छोड़ गए जो देश में नई तरह की राजनीति करने एक मंच पर आए थे।

केजरीवाल विभव कुमार जैसे उन चापलूसों व संदिग्ध लोगों से घिर गए जो मुख्यमंत्री निवास पर भी पार्टी सांसद स्वाति मालीवाल जैसी वरिष्ठ नेताओं से दुर्व्यवहार करने से नहीं झिझकते। इन 13 वर्षों में केजरीवाल की छवि संयोजक की बजाय पार्टी के मालिक की बन गई और 'आप' लोगों को कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, सपा, बसपा, तृणमूल कांग्रेस सरीखी कुनबावादी पार्टी लगने लगी। अगर मालिकाना हक वाली सोच न होती तो क्या कभी केजरीवाल अपनी ही पार्टी की मुख्यमंत्री आतिशी को 'टेम्परेरी सीएम' कहने का दुस्साहस करते? अपने पद से इस्तीफा देने के बाद आतिशी को मुख्यमंत्री बना कर केजरीवाल ने उन्हें जो अस्थाई मुख्यमंत्री कहा वह अपने आप में अति अशोभनीय था जिसका बहुत गलत संदेश गया।दूसरी ओर अपने जन्म के 13 साल बाद भी 'आप' अपना वैचारिक आधार नहीं बना पाई। स. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर लगे आरोपों के चलते देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ जनाक्रोश पनपा हुआ था और इसी का लाभ उठा कर आम आदमी पार्टी अस्तित्व में आई परन्तु अपनी किशोर अवस्था आने से पहले ही नई नवेली पार्टी इन्हीं आरोपों में घिर गई। पुलवामा में आतंकी हमला हो या भारतीय सेना की पाकिस्तान के खिलाफ कोई कार्रवाई केजरीवाल व उनकी पार्टी कभी भी देश के साथ खड़े दिखाई नहीं दिए। पार्टी में वैचारिक भटकाव इतना कि कभी तो लेफ्ट चलते दिखी तो कभी राइट, कभी उलटी तो कभी सीधी। केन्द्र से टकराव और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अन्धविरोध पार्टी की एकमात्र विचारधारा बन गई। इसके लिए झूठ-फरेब, षड्यंत्र-अफवाहें, नाटक-नौटंकी सबकुछ आजमाया गया। तुष्टिकरण की राजनीति करते हुए केजरीवाल कांग्रेस के ही बहरूपीए नजर आने लगे। कांग्रेस की ही दुर्दशा देख कर केजरीवाल को समझ जाना चाहिए था कि वैचारिक आधार के बिना या वैचारिक भटकान से उनका भी एक न एक दिन वही हश्र होगा जो कांग्रेस का हुआ है। 'आप' के पुनरुथान के लिए केजरीवाल को देश की माटी और जनमानस से जुड़े विचारों, सिद्धांतों को पार्टी की विचारधारा बनाना होगा और उन पर चलते हुए दिखना भी होगा। तभी उनका व उनके दल का कल्याण सम्भव है। एक निश्चित विचारधारा के चलते ही आज वो भारतीय जनता पार्टी सफलता की सीढ़ियां दर सीढ़ियां चढ़ती दिखाई दे रही है जिसके कभी दो ही सांसद हुआ करते थे। बिना विचारों के चाहे कोई संगठन सामयिक मुद्दों पर एक-दो बार सफलता हासिल कर ले परन्तु वह ज्यादा समय चल नहीं पाता। दूसरी तरफ वैचारिक संगठन कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी पूरी तरह समाप्त नहीं होते। वैचारिक आधार वाले भाजपा व वामपंथी दल इसके उदाहरण हैं जो ऊपर-नीचे तो होते हैं परन्तु हाशीए पर नहीं जाते। देश की राजनीति में अगर लम्बा सफर तय करना है तो 'आप' को भी अपनी कोई न कोई विचारधारा समाज के सामने रखनी होगी। केजरीवाल अगर ईमानदारी को अपनी विचारधारा बताते हैं तो उन्हें अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों का दृढ़ता से सामना करना होगा। ईमानदारी साबित करने के लिए किसी तरह की सर्कस करने से बचना होगा। राजनीति में इस तरह के आरोप बहुत बड़ी बात नहीं, भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी पर भी हवाला घोटाले में शामिल होने के आरोप लगे, परन्तु उन्होंने राजनीतिक शूचिता का उदाहरण पेश करते हुए तत्काल यह घोषणा कर दी कि जब तक वे दोषमुक्त नहीं होते वे कोई पद ग्रहण नहीं करेंगे। इतिहास साक्षी है कि आरोपमुक्त होने के बाद वे अपने नेतृत्व में भाजपा को कहां से कहां तक ले गए। अगर शराब घोटाले के आरोप लगने के बाद केजरीवाल भी ऐसा साहस दिखाते तो आज दिल्ली के चुनाव परिणाम वह नहीं होते जो आज उन्हें देखने पड़ रहे हैं।

**(साभार : यह लेखक के निजी विचार हैं)**

**बड़ों के पास याचना करनी चाहिए। अगर सफल नहीं भी हुई तो अधम से की गई सफल प्रार्थना से अच्छी ही रहेगी। महत्व की बात यह नहीं है कि क्या मिला? महत्व की बात है कि किससे मिला।**

**- विविध**

## निशाना

### पद की है तलाश !



-कृष्णेन्द्र राय

अवसर रहे निहार।
पद की है तलाश।।
ना रहना है आम।
बन ही जाना खास।।
गुणा भाग में माहिर।
जा रहा संदेश।।
पर पहले टटोलना।
बढ़े ना कलेस।।
दिख जाए पर जल्द।
नया कुछ अवतार।।
मनोरंजन की थोड़ी थोड़ी।
बहती रहे बयार।।
फैसला तो मान्य है।
पर कसक है बाकी।।
ना आई पर काम।
कोई भी चालाकी।।



**नर्मदापुरम.** नर्मदा के सेठानी घाट पर माघ पूर्णिमा के अवसर पर महा आरती का आयोजन किया गया. इस अवसर पर भक्ति भाव से परिपूर्ण नगर के श्रद्धालुओं की विशेष उपस्थिति रही.

# संस्कृति राज्यमंत्री लोधी ने नोहलेश्वर महोत्सव के लिए राज्यपाल को दिया आमंत्रण

**विशाल रजक तेन्दूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

आगामी 18 फरवरी से शुरू होने वाले नोहलेश्वर महोत्सव हेतु संस्कृति पर्यटन मंत्री धर्मेंद्र लोधी ने माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल को आमंत्रित किया बुधवार को भोपाल स्थित राजभवन पहुंचकर संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेंद्र लोधी ने माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल से सौजन्य भेंट की और नोहलेश्वर महोत्सव 2025 के लिए सादर आमंत्रित किया। उल्लेखनीय है कि दमोह जिले के नोहटा स्थित नोहलेश्वर मंदिर परिसर में 18 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाले इस महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य तथा पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी के विशेष आतिथ्य में होगा। इस महोत्सव के दौरान विभिन्न लोक कलाकारों



द्वारा लोकनृत्य, भजन, लोकगीत तथा संगीत की प्रस्तुति दी जाएगी। कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। समारोह का समापन भजन गायक लखबीर सिंह लखखा की भजन संध्या के साथ होगा।

## दूधिया बड़ हनुमान जी की कृपा से सात दिवसीय भागवत कथा निर्विघ्न सपन्न

# भगवान को भोग लगाने से पहले माता-पिता को भोजन परोसें : पंडित नागर

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

सात दिवसीय भगवत कथा के समापन दिवस पर संत श्री कमल किशोर नागर जी ने मानव समाज को एक नया संदेश दिया है की उन्होंने कहा की भगवान भी आपका भोग तभी स्वीकार करेंगे जब आप पहले अपने माता-पिता को भोजन कराएंगे मां बाप दुबारा नहीं मिलेंगे इसलिए उनकी सेवा करो महाराज परीक्षित का मोक्ष 7 दिन कथा सुनने के बाद ही हुआ। सच्चे मन से कथा सुनो तभी आपका मोक्ष संभव हो सकेगा जिस प्रकार चींटी अपने आप बद्री धाम नहीं जा सकती परंतु वह बद्रीधाम जाने वाले के समान में घुसकर बद्रीनाथ जाने में सफल हो सकती है उसी प्रकार व्यक्ति यदि कथा में घुसकर सुनते रहे तो उसको भी परमात्मा के दर्शन हो सकते हैं । कथा आपके पाप को पूरी तरह समाप्त तो नहीं कर सकती परंतु उन्हें कम जरुर कर सकती है। ईश्वर पर भरोसा रखो वह गुरु के रूप में सदैव आपकी रक्षा करता है मोह माया में मत फसो दुश्मन आपकी जीते जी जगाता रहता है





परंतु जो आपके कर्म हैं वह मरने के बाद भी जागते ही हैं जब भगवान आपको अपने घर से बुलाकर 5 बजे तक कथा में बैठाता है तो उसे आपके भाव की अनुभूति होती है इसी अनुभूति के आधार पर ईश्वर आपके ऊपर अपनी कृपा अनुग्रह करता है केवल ईश्वर सत्य है बाकी सब धोखा है संपत्ति के लिए जो भाग में लिखा विधाता ने लिख दिया वही होता है वह बदलता नहीं है जैसे डॉक्टर दवाई देता है तो पर्चे में लिखता है उसे पर्चे में जो लिखा हुआ है उसे बदल नहीं सकते जैसा लिखा होता है वैसा ही खाना पड़ता है। अतः जो ईश्वर ने कर्म में लिखा है प्रभु की इच्छा मानकर स्वीकार कर वैसे ही कार्य करना चाहिए ।

श्रीमद् भागवत कथा को राजा परीक्षित को सुखदेव जी ने सुनाई इस कथा को सुखदेव जी के पिता व्यास जी भी सुनने आए उन्हें देखकर किसी ने व्यास जी से पूछा की श्रीमद् भागवत पुराण आपने लिखी पर आप सुनते क्यों आए तो व्यास जी ने कहा कि मैंने कथा तो लिखी परंतु मेरी कथा में कभी कृष्ण भगवान नहीं आए परंतु परीक्षित की कथा में स्वयं कृष्ण भगवान प्रतिदिन आते हैं इसलिए मैं कथा सुनने आता हूं पूज्य नागर जी ने शिक्षा देते हुए प्रेम विवाह, लिव इन रिलेशनशिप ,चरित्रहीनता पर कड़ा प्रहार करते हुए परिवार राष्ट्र एवं धर्म के लिए खतरनाक बताया है। पूज्यनीय नागर जी ने कहा सबका साथ दो जिसका स्वास्थ्य खराब है उसको देखने उसके घर दो बार जाना चाहिए परंतु जिनका समय खराब है उसके पास सदैव जाना चाहिए कथा के अंतिम दिवस श्रद्धालुओं का जन सैलाब ने इस आध्यात्मिक ज्ञान यज्ञ में उपस्थित को होकर आसपास 8-10 जिलों के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इस आयोजन में लगभग 4 से 5 लाख तक श्रद्धालुओं ने इस आध्यात्मिक ज्ञान यज्ञ का लाभ उठाया आयोजक यशवंत पटेल द्वारा सभी सहयोगियों ओर प्रशासन के सभी विभागों का अप्रत्यक्ष तथा प्रत्यक्ष सहयोगियों का सभी श्रोताओं और माता बहनों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने ग्रस्त जीवन का समय निकालकर इस कथा में समय दिया श्री पटेल ने बताया कि दूधिया बढ़ हनुमान जी की कृपा से कथा निर्विघ्न सपन्न हुई।

# पुलिस अधीक्षक कार्यालय में किया गया साइबर मेले का आयोजन



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह के नेतृत्व में सायबर सुरक्षा सेफ क्लिक अभियान दिनांक 01-02-2025 से चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सायबर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें ज्ञानोदय विधालय, शांति निकेतन विधालय, सांई कोचिंग क्लासेस के छात्र-छात्राऐ शिक्षक-शिक्षिकाएं व एच.डी.एफ.सी. बैंक, बैंक आफ इंण्डिया व एन.आई.सी. के अधिकारी कर्मचारी भी सम्मिलित हुये.सायबर मेले में पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह द्वारा सायबर जागरुकता संबंधी जानकारी दी गई। मुख्य रूप से डिजिटल अरेस्ट आनलाईन गेम व एपीके एप से संबंधित होने वाले सायबर फ्राड की जानकारी दी गई। सायबर फ्राड से बचने के उपाय भी बताए गए । सायबर फ्राड होने पर हेल्प लाईन नं. 1930 पर काल कर शिकायत करने के बारे में बताया गया। इसके अतिरिक्त सायबर सुरक्षा अभियान सेफ क्लिक में कराई गई प्रतियोगिता चित्रकला, सायबर क्यूज प्रतियोगिता में सम्मिलित छात्र-छात्राओ को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त नर्मदापुरम इटारसी, सिवनी मालवा सोहागपुर पिपरिया अनुभागो के थानो में भी सायबर जागरुकता के लिये सेफ क्लिक अभियान में सायबर मेले का आयोजन किया गया ।

## पुलिस ने पकड़ा 2लाख 16 हजार का जुआ

**इटारसी।** पुलिस ने वंशराज ढाबा सुखतवा के पीछे दीवार की आढ में अवैध रूप से जुआँ खेलते जुआरियो को 2,16,460 रूपये एवं अन्य सामग्री जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीतीरात वशराज ढाबा सुखतवा में अवैध रूप से जुआ खेलने की सूचना पर अनुविभागीय अधिकारी वीरेंद्र मिश्रा,थाना प्रभारी केसला श्रीनाथ झरबडे, थाना प्रभारी रामपुर विपिन पाल, थाना प्रभारी पथरोटा संजीव पवार, एवं स्टाफ ने वंशराज ढाबा सुखतवा के दीवार की आड़ में 6-7 लोग लाईट की रोशनी में जुआ खेलते हुये पकड़ा।

# दो युवकों की मौत ; एक ने फांसी लगाई, दूसरे का कारण अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी

**तेंदूखेड़ा, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को तेन्दूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो लोगों के शवों का पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया है जहां एक मामला तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र का है तो दूसरा तारादेही थाना क्षेत्र का है दोनों घटनाओं में पुलिस जांच कर रही है।

पहला मामला तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र का जहां पर तेन्दूखेड़ा बस स्टैंड के समीप एक ढाबा के पास बेहोशी की हालत में पड़े युवक को इलाज के लिए लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देर रात लेकर पहुंचे जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। स्वास्थ्य केंद्र से मिली जानकारी अनुसार निवासी वार्ड क्रमांक 8 राकेश करेडे के रुप में मृत की पहचान हुई है पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम के बाद जांच शुरू कर दी है मामला अभी अज्ञात है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत का कारण पता चल सकेगा।

दूसरा मामला तारादेही थाना क्षेत्र का जहां पर ब्लॉक की ग्राम पंचायत कुदपुरा के आश्रित ग्राम उन्हारीखेड़ा निवासी गोकल पिता कन्ही गौड़ 20 का शव जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला है मृतक के परिजनों ने बताया गोकल गोंड पांच दिन पहले ही सुबह अपनी भैंसों को पानी पिलाने के लिए जंगल के झिरना नाला गया हुआ था। लेकिन वह वापस नहीं आया लेकिन सभी भैंस शाम को घर वापस आ गई लेकिन गोकल नहीं आया जब देर-रात तक गोकल घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने रिश्तेदारों के यहां पर पूछताछ की लेकिन कोई बात नहीं चला दूसरे दिन परिजनों और गांव के लोगों ने जंगल में खोजबीन शुरू की लेकिन कोई पता नहीं चला सका दो दिन बाद मृतक के परिजनों ने तारादेही थाना आकर शिकायत दर्ज कराई गई। लगातार जंगल में खोजबीन की जहां पांच दिन बाद युवक गोकल गौड़ का शव गांव से दो किलोमीटर दूर जंगल में एक पेड़ से लटका हुआ मिला।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, साहित्यकार विचित्र कुमार सिन्हा की स्मृति मे समारोह 14 फरवरी को

- **समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों का होगा सम्मान**
- **सांसद विधायक सहित अन्य गणमान्य होंगे विशेष रूप से उपस्थित**

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लेखक कवि मूर्धन्य पत्रकार समाजसेवी स्व, विचित्र कुमार सिन्हा स्मृति समारोह आयोजित करने वाली समिति द्वारा भोपाल में आयोजित होने वाले समारोह की तरह नर्मदापुरम में 14 फरवरी को शासकीय नर्मदा महाविद्यालय के आडिटोरियम में दोपहर 12 बजे से सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति की चयन समितियों के द्वारा सम्मानित किए जाने वाली विभूतियों के नाम तय कर दिए गए हैं।

आयोजन समिति के अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार केके सक्सेना, सचिव विलक्षण सक्सेना, उपाध्यक्ष बलराम शर्मा, संगठन सचिव कमल चव्हाण ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा करेंगे। साथ ही विशिष्ठ अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजवादी विचारक व राजनेता रघु ठाकुर, नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू महेंद्र यादव मौजूद रहेंगे। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों का सम्मान अतिथियों के द्वारा किया जाएगा।





पूर्व वर्षों की परंपरानुसार इस वर्ष भी स्व. सिन्हा की स्मृति में समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 9 विभूतियों को स्मानित किया जाएगा। जिनमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मान के लिए बैतूल के डॉ कृष्णा मोदी, कर्मठ राजनीतिज्ञ सम्मान क्षेत्र के वरिष्ठ नेता पं श्री गिरिजा शंकर शर्मा, पत्रकारिता सम्मान नर्मदांचल के वरिष्ठ पत्रकार पंकज पटेरिया, समाजसेवी सम्मान इटारसी के समाजसेवी गोपाल सिद्धवानी, साहित्यसेवी सम्मान नर्मदा महाविद्यालय के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ कृष्ण गोपाल मिश्र, पत्र छायाकार सम्मान वर्षों से प्रेस फोटोग्राफर रहे लोकेश तिवारी, के साथ ही गंगाप्रसाद श्रीवास्तव स्मृति कुशल प्रशासक सम्मान नर्मदापुरम रेंज के डीआईजी आईपीएस प्रशांत खरे, विजय गुप्ता स्मृति विधि सेवी सम्मान बीते 56 वर्षों से सतत वकालात करने वाले संभाग के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएस ठाकुर, व जन संचार सेवी सम्मान भोपाल के अवनीश सोमकुंवर को सम्मानित किया जाएगा।

आयोजन समिति के संरक्षक पं गिरिमोहन गुरू शास्त्री नित्यगोपाल कटारे, अध्यक्ष केके सक्सेना उपाध्यक्ष बलराम शर्मा अभय वर्मा शैलेंद्र नाथ श्रीवास्तव कार्यक्रम सचिव विलक्षण सक्सेना, सांस्कृतिक सचिव विजय प्रकाश श्रीवास्तव , तुकाराम यादवेश, भानू प्रकाश श्रीवास्तव, मनोज सोनी, कोषाध्यक्ष श्रीमती भावना सक्सेना संगठन सचिव भूपेंद्र चौकसे, नंद किशोर यादव, शरीफ राइन, संगठन सह सचिव श्याम राय, कमल चव्हाण कार्यकारिणी पीयूष शर्मा, महेंद्र यादव, कमलेश चौधरी, पंकज शुक्ला, अजय निगम, सजेंद्र श्रीवास्तव, श्रीमती रश्मि शर्मा श्रीमती हिना अली, सुश्री खुशबू बूलचंदानी रामू चौहान, गजेंद्र राजपूत, प्रकाश शर्मा ने नागरिकों से समारोह में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

**मेट्रो एंकर** रविदास जयंती पर हुए कार्यक्रम, मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश बरखाने का किया सम्मान

# विधायक शर्मा ने संत रविदास के अनमोल वचनों ओर विचारों को समझाया

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**

इटारसी। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पुरानी इटारसी एवं भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल इटारसी द्वारा संयुक्त रूप से संत शिरोमणि श्री रविदास जयंती मेहरागांव स्थित मंदिर में मनाई गई। सर्व प्रथम संत श्री रविदास की प्रतिभा का पूजन किया गया साथ ही मंदिर के पुजारी ओमप्रकाश बरखाने का सम्मान भी किया।

कार्यक्रम में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने संत श्री रविदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संत रविदास के अनमोल वचनों ओर विचारों को समझाया जिसमें मुख्य



रूप से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष जय किशोर चौधरी ,भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो,भाजपा मंडल अध्यक्ष राहुल चौरे,मेहरागांव सरपंच जीतेन्द्र पटेल,विधायक प्रतिनिधि जयप्रकाश सचान , विनय तिवारी ,संतोष दीवान,अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष पार्षद जिम्मी कैथवास,महिला मोर्चा अध्यक्ष बविता चौहान,मंडल महामंत्री गोविंद मेहतो,मंडल उपाध्यक्ष विपुल चौधरी,वीरेंद्र यादव,मंडल मंत्री सौरभ राजपूत,विजय भंगाले,हरिशंकर मुन्ना पाल,जयदीप प्रजापति,लखन सोनी,कार्तिक चौहान,सतीश पटेल,रविन्द्र भावसार,साथ अधिक संख्या में कार्यकर्ता मातृशक्ति युवा साथी उपस्थित रहे।

## संत रविदास की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए





**नर्मदापुरम।** संत गुरु रविदास महाराज की जयंती के अवसर पर नर्मदापुरम में स्थित संत रविदास मंदिर में विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा ने संत श्री की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस अवसर पर विधायक डॉक्टर शर्मा ने कहा गुरु जी के आदर्श हमें समाज में सामानता प्रेम और भाईचारे का संदेश देते हैं. उनके विचार हमें सदा सच्चाई सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते रहेंगे. इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रीति शुक्ला पीयूष शर्मा लोकेश तिवारी महेंद्र यादव अभय वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे.

# धूमधाम से मनाई संत रविदास जयंती, निकला चल समारोह, जगह जगह हुआ स्वागत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

बुधवार को बड़े ही हर्ष उल्लास से संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती मनाई गई। नगर पालिका कार्यालय के पास में स्थित संत रविदास जी के मंदिर पर समाजजनों नें ग्रुप पूजन की इसके उपरांत शोभायात्रा यात्रा प्रारंभ हुई जो शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचकर संपन्न हुई जहां पर प्रसादी का वितरण किया गया जगह-जगह विभिन्न समाज एवं समाजसेवी संगठनों ने भी चल समारोह का स्वागत किया डीजे के धुन पर बज रहे संत रविदास जी के भाइयों पर उनके अनुयाई झूमते नाचते हुए चल रहे थे। ग्रामीण अंचलों तथा नगरीय क्षेत्र के युवाओं के





द्वारा कर्तव्य भी दिखाई जा रहे थे जिनको देखकर लोग दांतों तले उंगली दबा रहे थे लाठी का शानदार प्रदर्शन किया और भी कर्तव्य दिखा। जयंती को लेकर सभी में उत्साह नजर आ रहा था रथ पर संत रविदास जी का स्वरूप विराजमान था जिसकी जगह-जगह आरती उतार कर पूजन की जा रही थी भारतीय जनता पार्टी एवं कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी स्वागत किया। शोभायात्रा का भाजपा संगठन द्वारा कपड़ा बाजार में पुष्प वर्षा कर स्वागत किया इसमें विधायक उमाकांत शर्मा भी सम्मिलित हुए संत रविदास जी के चित्र पर पूजा अर्चना कर समाज के कल्याण की कमाना की।

विधायक शर्मा ने शोभायात्रा में उपस्थित समाज के नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि अपनी साधना तपस्या से कठौती से गंगा मैया को प्रकट करके संत शिरोमणि ने जीवन सिद्धांत का संदेश हम सबको प्रदान किया हे। जब देश में विदेशी इस्लामिक शासन में हिंदुओं का धर्मांतरण किया जा रहा था तब रविदास जी ने सनातन हिंदू धर्म की रक्षा करते हुए संघर्ष कर कह दिया था कि मेरा जबरिया धर्मांतरण करके दिखाए। उन्होंने अपना काम करते हुए भी सदैव ईश्वर की सच्ची साधना करते हुए हम सबको महान,सरल जीवन जीने का संदेश प्रदान किया हैं। हम सभी संत भगवान रविदास जी के बताए मार्ग का अनुसरण करते हुए देश समाज जनता की सेवा करें। उन्होंने कहा कि मैने पूर्व में समाज के मंदिर में दस लाख रु की राशि सामुदायिक भवन निर्माण के लिए देने की घोषणा की है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सागर में सौ करोड़ की लागत से रविदास जी की स्मारिका का निर्माण कर रहे हैं।

## नगर में विकास कार्यों का दौर जारी

# विधायक ने रखी दो करोड़ के कामों की आधारशिला

■ उमाकांत शर्मा ने कहा सरोंज-लटेरी क्षेत्र के संपूर्ण विकास की भावना को लेकर कर है काम, कांग्रेसियों को दिया चैलेंज

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

पिछले कुछ दिनों से नगरीय क्षेत्र में विकास का भूमि पूजन तथा लोकार्पण का दौरा लगातार जारी इसी क्रमांक में बुधवार को विधायक उमाकांत शर्मा ने दो करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की नींव रखी इस राशि से नगर पालिका सौंदर्यकरण के लिए लाइटें लगाने का और सी सी ,डामरीकरण सड़क का निर्माण होगा इसके लिए वार्ड सत्रह में स्थित पंचकुइया पर नगरपालिका के द्वारा आयोजित कार्यक्रम विधायक शर्मा ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उत्कृष्ट सड़क पर विद्युत सौंदर्यकरण के साथ सीसी सड़क एवं आरोन रोड तक के डामरीकरण कार्य का भूमिपूजन किया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने सबके सम्मिलित प्रयासों से सिरोंज लटेरी विधानसभा को आदर्श एवं सुंदर विधानसभा बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सरकार की विकास कार्यों की नीति पारदर्शी एवं भ्रष्टाचारी रहित है। हमारे क्षेत्र में होने वाले निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण तथा नागरिकों की सुविधा प्रदान करने वाले हो इसलिए में बार बार प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित करता हूं। शहर का चहुमुंखी विकास के लिए हम कृत संकल्पित हैं। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि हम सब सिरोंज का भला चाहने वाले लोग है हमारी कमी और उदासीनता की वजह से अधूरे और गुणवत्ताहीन काम हमारी असफलता को दर्शाते हैं। पूर्व मंत्री और क्षेत्र के विकास पुरुष स्व.लक्ष्मीकांत शर्मा के जिन अधूरे स्वप्नों,उद्देश्यों को लेकर काम कर रहे हैं उसकी पूर्ण सफलता तभी निश्चित है जब हम पूरे मनोभाव से जुटेंगे। हमारे केथन नदी को बचाने तथा संवारने के लिए सरकार के माध्यम से योजना भी तैयार कराई हैं। उन्होंने पंचकुइया क्षेत्र को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह हमारी सुबह दोपहर शाम का स्थान है यही से सिरोंज वासी गोपालक पूर्व में अपनी गौमाताओं को चराने के लिए जंगल ले जाते थे यहां उन चुनिंदा स्थानों में शामिल हैं जिसके करीब में ही जंगल पहाड़,पानी शीत प्राकृतिक सौंदर्य बसा पड़ा है। कार्यक्रम को भाजपा नेता रमेश यादव ने भी संबोधित किया। वहीं विधायक के संकल्पों को धरातल पर कितनी गहराई से गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्यों को अंजाम दिलवाया जाए उसकी चिंता प्रशासन गंभीरता से करेगा या तो आने वाले समय पता चलेगा लगातार निर्माण कार्यों में विधायक के निर्देशों के बाद भी भ्रष्टाचार की शिकायत आ रही है जिसको लेकर लगातार विधायक श्री शर्मा अधिकारियों और ठेकेदारों को फटकार भी लगाते आ रहे हैं, इसके बाद भी ऐसी शिकायत क्यों आ रही है। जिसको लेकर उन्होंने एक बार फिर अपना दर्द कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों समक्ष रखा है।





### पॉलीथिन मुक्त हो सिरोंज

विधायक ने शहर को स्वच्छ सुंदर एवं स्वस्थ बनाने के लिए प्रकृति को हराभरा बनाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सिरोंज लटेरी विधानसभा को आदर्श बनाने में सभी का योगदान आवश्यक है। उन्होंने जनता तथा व्यापारियों से मानक स्तर से कम की पॉलीथिन के उपयोग न करने की अपील करते हुए कहा कि यह पन्नियां नालियों को जाम करती है।

### सड़कों की बदलेगी तस्वीर-नीलकंठ रोड पर होगा डामरीकरण

विधायक शर्मा के प्रयासों से लटेरी मार्ग से पंचकुइया होते हुए आरोन मार्ग को जोड़ने वाले इस महत्वपूर्ण सड़क को सुधारने तथा इसे सुंदर बनाने की दिशा में बुधवार को हुए भूमिपूजन कार्यक्रम में इस क्षेत्र में करीब दो करोड़ उन्नीस लाख के विकास कार्य किए जाएंगे। शासन की कायाकल्प योजना पंचकुइया घाट के पुल से काशीघाट तक की जर्जर हो चुकी डामर की सड़क पर दोनों ओर सीसी किया जाएगा। इसके अलावा इसी सड़क पर मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना योजना में आकर्षक स्ट्रीट लाइट लगाने का काम किया जाएगा। बीस मीटर की दूरी से लगाने वाली लाइटों के लिए कुल पैंतीस पोलो को लगाया जाएगा। प्रत्येक पोल पर दो लाइटें लगाई जाएंगी। पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा ने सरकार में मंत्री रहते हुए अपने कार्यकाल के दौरान लटेरी मार्ग से सीधे सिरोंज शहर तथा आरोन रोड को जोड़ने के लिए इस बायपास मार्ग का निर्माण कराया था।

### भ्रामक खबरों से बचें

कांग्रेसियों तथा विरोधियों द्वारा सोशल मीडिया पर भ्रामक एवं झूठी खबरों पर आपत्ति जताते हुए विधायक शर्मा ने कहा कि उमाकांत को बदनाम करने के लिए कुछ नेता भ्रामक पोस्ट डालते हैं जिससे समाज के नाम पर दंगे हो जाएं अमन चैन की हमारी सिरोंज लटेरी विधानसभा की शांति को भंग करने के लिए कुछ लोग आमदा हैं। ऐसी भ्रामक खबरों से बचें।

# म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारम्भिक परीक्षा रविवार 16 को आयोजित

■ जिले के दो परीक्षा केन्द्रो पर 1074 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा म.प्र. लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा-2025 रविवार 16 फरवरी को विदिशा शहर के दो परीक्षा केंद्रों पर दो सत्रों में आयोजित की जाएगी। लोक सेवा आयोग, इंदौर द्वारा इस परीक्षा में संभागीय पर्यवेक्षक सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक श्री आनंद बिहारी गुप्ता को नियुक्त किया गया है। इस परीक्षा हेतु विदिशा जिला मुख्यालय के दो परीक्षा केंद्रों में 1074 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगें।

कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शहर के परीक्षा केंद्रों के केंद्र अधीक्षक, केंद्र प्रेक्षक, फ्लाइंग स्कॉड, पुलिस नोडल अधिकारी, बिजली विभाग व परीक्षा में संलग्न अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा, म.प्र. लोक सेवा आयोग की सबसे महत्वपूर्ण परीक्षा होती है व इस परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की कोताही न बरती जाए।

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने परीक्षा के मद्देनजर हरेक व्यवस्था निर्विघ्न रूप से सम्पन्न हो इसके लिए संबंधित विभागो के जिलाधिकारियों के नाम से पृथक-पृथक आदेश जारी कर उन सबको सम्पूर्ण परीक्षा समाप्ति तक सौंपे गए दायित्वों का निर्विघ्न रूप से क्रियान्वयन कराने हेतु ताकिद किया गया है। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि परीक्षा से संबंधित समस्त आयोग के समस्त दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए।

### परीक्षा केंद्र इस प्रकार हैं

परीक्षा केन्द्र कोड क्रमांक 33/1 राजमाता शासकीय कन्या स्नातकोत्तर नोडल महाविद्यालय विदिशा में 500 छात्र परीक्षा देंगे इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र कोड क्रमांक 33/2 शासकीय शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल डण्डापुरा विदिशा परीक्षा केन्द्र में 574 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे।

### परीक्षा हेतु प्रबंधन

कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2025 का जिले में सुव्यवस्थित निर्विघ्न रूप से सम्पन्न कराने हेतु विभिन्न विभागो को प्रबंधन के मद्देनजर आवश्यक जबावदेही सौंपी है उसमें पुलिस अधीक्षक को मुहर बंद प्रश्न पत्र एवं उत्तर पुस्तिकाओं आदि गोपनीय सामग्री वितरण, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के संबंध में परीक्षा तिथि रविवार 16 फरवरी की प्रातः दस बजे से सायं 4.15 बजे तक आयोजन के दौरान उल्लेखित परीक्षा केन्द्रो पर महिला अभ्यर्थियों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु महिला पुलिस अधिकारी व दो महिला आरक्षकों की तैनाती सुनिश्चित कराने के निर्देश। जिले के दोनो परीक्षा केन्द्रो पर समुचित साफ सफाई, पेयजल व्यवस्था के कार्यो का संपादन हेतु मुख्य नगरपालिका अधिकारी विदिशा को सौंपी गई है। परीक्षा केन्द्रो पर मेडिकल किट सहित डाक्टरो की ड्यूटी के लिए सिविल सर्जन सह अधीक्षक को दायित्व सौंपे गए है। इसके अलावा परीक्षा केन्द्रो पर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए है इसके अलावा उडनदस्ता दल दोनो परीक्षा केन्द्रो के लिए अलग-अलग गठित किए गए है। सम्पूर्ण परीक्षा की निगरानी के लिए नवीन कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 132 में कंट्रोल रूम बनाया गया है जिसका दूरभाष नम्बर 07592-235305 है।

# वन विभाग द्वारा अवैध उत्खनन के परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर ट्रक जप्ती की कार्रवाई

सिरोंज। विदिशा वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव के द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में वन विभाग की टीम द्वारा वन परिक्षेत्र बासौदा में बीट उदयपुरा से पत्थर के अवैध उत्खनन के परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर उक्त ट्रक को जप्त करने की कार्रवाई की गई है।

वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री यशवन्त भील द्वारा अवैध उत्खनन में संलिप्त ट्रक एमपी 09 केडी 1822 जप्त किया गया है। उक्त ट्रक वन कक्ष क्रमांक पीएफ 194 बीट उदयपुरा से पत्थर के अवैध उत्खनन के परिवहन में संलिप्त पाया गया था।



उल्लेखनीय है कि वनमंडलाधिकारी हेमंत यादव द्वारा बासौदा में चले आ रहे अवैध उत्खनन के विरुद्ध वन अमले को सख्ती से कार्यवाही करने के निर्देशों के फलस्वरूप वन परिक्षेत्र बासौदा के अवैध उत्खनन में सतत् कार्यवाही, वन विभाग द्वारा की जा रही है।

# विधायक मीणा ने उन्नत नस्ल के वत्सों की पशु प्रदर्शनी एवं मिल्क वैन का किया लोकार्पण

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा नाबार्ड द्वारा प्रायोजित कृषक उत्पादक संगठन, करिला एग्रो फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा उन्नत नस्ल के वत्सो की पशु प्रदर्शनी एवं मिल्क वैन का लोकार्पण शमशाबाद विधायक, श्री सूर्य प्रकाश मीणा द्वारा ग्राम बोरिया खामखेड़ा में किया गया है। विधायक श्री मीणा द्वारा नाबार्ड की जिले में डेयरी क्षेत्र में अदभुत कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई।



नाबार्ड की जिला विकास प्रबंधक श्रीमती जगप्रीत कौर ने इस अवसर पर किसान उत्पादक संगठन को स्टेट बैंक द्वारा वित्त पोषित एवं नाबार्ड द्वारा सहायता प्राप्त दुग्ध मोबाइल वैन मिलने पर बधाई दी। इस वैन से कृषक संगठन किसानों से सही दाम पर दुग्ध प्राप्त कर उचित दाम पर मार्केट में बेच पाएंगे। इससे किसानों के साथ कृषक उत्पादक संगठन के आय में भी वृद्धि होगी।

इस अवसर पर पशु पालन विभाग द्वारा किसान संगोष्ठी एवं निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 150 पशु पालकों ने भाग लिया। 58 उन्नत नस्ल की बछिया लेकर आए सभी पशुपालकों को प्रोत्साहन पुरुस्कार दिया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य, चंद्रमोहन मीणा, उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. एन के शुक्ला, एल डी एम भगवान सिंह बघेल, गौरव जी आई टी सी भोपाल, ए के श्रीवास्तव बैफ , करीला एफपीओ के सदस्य एवं पशु पालक उपस्थित रहे।

**मेट्रो एंकर** कोलाहल अधिनियम के तहत कलेक्टर ने जारी जारी किया आदेश

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग सुबह छह से रात्रि दस बजे तक किया जा सकेगा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो**

विदिशा कलेक्टर एवं जिला मजिस्टेउ्ट रौशन कुमार सिंह ने कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत विदिशा जिले में धार्मिक स्थलो एवं अन्य स्थानो में ध्वनि विस्तारक यंत्र (लाउण्ड स्पीकर, डीजे, सम्बोधन प्रणाली) के नियंत्रण व नियम विरूद्ध उपयोग पर नियंत्रण, कार्यवाही हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत आदेश जारी किया गया है जिसमें कर्णप्रिय ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग विहित प्राधिकारी की अनुमति से सुबह छह बजे से रात्रि दस बजे तक उपयोग किया जा सकेगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह के द्वारा जारी उक्त आदेश में उल्लेख है कि उक्त अवधि में विहित प्राधिकारी संबंधित क्षेत्र के सक्षम अनुविभागीय दण्डाधिकारी की अनुमति के बगैर लिखित अनुज्ञा के बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह ने कोलाहल अधिनियम की धाराओं के तहत विदिशा जिले की भौगोलिक राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। ध्वनि प्रदूषण विनियमन और नियंत्रण नियम 2000 के उल्लंघन के संबंध में उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशानुसार लाउड स्पीकारो और हार्न का उपयोग यहां तक निजी आवासो में भी ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग के संबंध में व्यापक दिशा निर्देश प्रसारित किए गए है जिसमें दिन और रात्रि के लिए पृथक-पृथक डेसीबल निर्धारित किया गया है।

कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री सिंह के द्वारा ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने हेतु प्रसारित आदेश में उल्लेख है कि विदिशा जिले की राजस्व सीमा के अंतर्गत समस्त उत्सव, आयोजन, लाउड



स्पीकर, डीजे, बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर प्रतिबंधित रहेगा। निर्धारित परिवेशीय, ध्वनि मानक से 10 डेसीबल से अधिक ध्वनि करने वाले लाउड स्पीकर तथा निर्धारित ध्वनि मानक से 05 डेसीबल से अधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले साउण्ड सिस्टम पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगें।

ध्वनि मानकों के प्रावधानो के पालन में सामान्यतः मध्यम आकार के अधिकतम दो डीजे व लाउड स्पीकर की अनुमति ही सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त की जा सकेंगी। डीजे, तथा लाउड स्पीकर किराए पर देने वाले वेण्डर किसी भी आयोजन हेतु दो से अधिक मध्यम आकार के डीजेध् लाउड स्पीकर किराए पर नहीं देगे। प्रेशर हार्न के भण्डारण तथा विक्रय को प्रतिबंधित किया जाता है। ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 द्वारा निर्धारित शेडयूल अनुसार ध्वनि का स्तर मानक सीमा से बाहर प्रतिबंधित रहेगा। रात्रि समय दस बजे से सुबह छह बजे तक किसी भी प्रकार के लाउड स्पीकर, डीजे, बैण्ड, प्रेशर हार्न तथा अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्र का उपयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी चिकित्सालय, नर्सिंग होम, दूरभाष केन्द्र, न्यायालय, शिक्षण संस्थान, शासकीय कार्यालय, बैंक आदि से दो सौ मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस और कानून एवं शांति व्यवस्था तथा शासकीय कार्य हेतु उपयोग किए जा रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रो के संबंध में उक्त प्रतिबंध प्रभावशील नहीं होंगे।

जिला दण्डाधिकारी द्वारा जारी उक्त आदेश का सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मो के साथ-साथ हर स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधितों को जारी किए गए है इसके अलावा जिले की समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसील, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, नगरीय निकायो एवं थानो के सूचना पटलो पर चस्पा किए जाएंगे।

## चोटिल एनरिक नॉत्या बाहर; क्वेना मफाका ट्रेवल रिजर्व

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बॉश साउथ अफ्रीका टीम में शामिल

**नईदिल्ली, एजेंसी**

बॉलिंग ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साउथ अफ्रीका की 15 मेंबर्स टीम में शामिल किया गया है। तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्या चोट की वजह से स्क्वॉड से बाहर हो गए हैं। वहीं, क्वेना मफाका को ट्रेवल रिजर्व चुना गया है। 30 साल के बॉश ने दिसंबर में पाकिस्तान के खिलाफ अपना वनडे डेब्यू किया था।

साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 12 जनवरी को टीम का ऐलान किया था। टूर्नामेंट के लिए स्क्वॉड के ऐलान की आखिरी तारिख भी 12 जनवरी थी। वहीं, ढ्रुष्ट ने स्क्वॉड में बदलाव के लिए 11 फरवरी तक की डेटलाइन तय की है। नॉर्त्या ने पिछले जून से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है नॉर्त्या पैर की अंगुली में चोट के कारण बाहर हुए है। उन्होंने पहले ही पीठ की चोट के कारण पिछले साल जून में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेला है। नॉर्त्या को पाकिस्तान के खिलाफ ट्राई सीरीज से वापसी करनी थी, लेकिन नेट्स में उनके पैर की अंगुली में चोट लग गई।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए साउथ अफ्रीका की टीम तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जॉर्जी, मार्को यानसन, हेनरिक क्लासन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कॉर्बिन बॉश, कगिसो रबाडा, रयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन। साउथ अफ्रीका ग्रुप-बी में साउथ अफ्रीका चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप-बी में है। टीम 21 फरवरी को कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा। इसके बाद वे 25 फरवरी को रावलपिंडी में ऑस्ट्रेलिया से खेलेंगे और उनका अंतिम ग्रुप मैच 1 मार्च को इंग्लैंड के खिलाफ होगा। यह मुकाबला कराची में खेला जाएगा।

बता दें कि कॉर्बिन बॉश ने अब तक एक ही वनडे मैच खेला है. उन्हें चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े इवेंट में जगह मिलना किस्मत चमकने जैसा ही है. उन्हें पाकिस्तान के खिलाफ हालिया चल रही त्रिकोणीय सीरीज की टीम में भी शामिल किया गया है, जिसमें तीसरी टीम न्यूजीलैंड है. 30 साल के बॉश ने दिसंबर 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ वनडे डेब्यू किया था. इससे बाद उन्होंने बॉक्सिंग डे टेस्ट में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट डेब्यू किया और नाबाद 84 रन बनाने के साथ-साथ पांच विकेट भी लिए. उन्होंने हाल ही में एसए 20 के दौरान शानदार गेंदबाजी करते हुए आठ मैचों में 17.36 की औसत से 11 विकेट लिए और अपनी टीम एमआई केपटाउन को ख़िताब जिताने में अहम भूमिका निभाई.



### 27 साल पहले चैंपियन बना था साउथ अफ्रीका

साउथ अफ्रीका ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब 27 साल पहले अपने नाम किया था। 1998 में ये टूर्नामेंट पहली बार शुरू हुआ था और साउथ अफ्रीका इसी में विजेता बना था। इस टूर्नामेंट का आयोजन बांग्लादेश में हुआ था और साउथ अफ्रीका ने फाइनल में वेस्टइंडीज को हरा कर ट्रॉफी अपने नाम किया था। उस मुकाबले में वेस्टइंडीज की टीम 245 रन बना पाई थी और साउथ अफ्रीका ने 47 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# कोहली के एशिया में 16 हजार रन पूरे इंग्लैंड के खिलाफ टॉप इंडियन स्कोरर बने

**अहमदाबाद, एजेंसी**



भारत ने तीसरे वनडे में इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया। टीम ने अहमदाबाद का दूसरा हाईएस्ट टोटल 356 का स्कोर बनाया। शुभमन गिल ने 112 रन की पारी खेली। इंग्लैंड टीम 34.2 ओवर में 214 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच विराट और गिल का नाम रहा। एशिया में विराट के 16 हजार रन पूरे हो गए। वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बैटर भी बने। इसके अलावा, भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरी सबसे ब?ी जीत दर्ज की।

विराट कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट में 3 अलग-अलग देशों के खिलाफ 4 हजार प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बल्लेबाज बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5393, श्रीलंका के खिलाफ 4076 और इंग्लैंड के खिलाफ 4036 रन बना लिए हैं। भारत लगातार 10 वनडे में टॉस हार चुका है। टीम ने अपना आखिरी टॉस 2023 वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम में जीता था। भारत से पहले नीदरलैंड ने मार्च 2011 से अगस्त 2013 के बीच लगातार 11 टॉस हारे थे। एशिया में विराट के 16 हजार रन पूरे स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के एशिया में 16 हजार रन पूरे हो गए। उन्होंने बुधवार को 52 रन की पारी खेली। इसके साथ ही एशिया में खेले 312 मैचों में कोहली 16,025 रन बना चुके हैं। रिकॉर्ड में पहले स्थान पर सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने 411 मैच में 21,471 रन बनाए हैं। कोहली इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं, लेकिन औसत और पारियों की संख्या के लिहाज से वे अव्वल हैं।

कोहली इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विराट कोहली इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं। वे 87 मैच में 4036 रन बना चुके हैं। वहीं शुभमन ने 2022 से 13 इंटरनेशनल शतक लगाए ओपनर शुभमन गिल ने 2022 के बाद से इंटरनेशनल क्रिकेट में 13 शतक लगाए हैं। उन्होंने इस मामले में इंग्लैंड के जो रूट की बराबरी कर ली। विराट कोहली भी 2022 के बाद 11 इंटरनेशनल शतक लगा चुके हैं। गिल के वनडे में 50 इनिंग के बाद सबसे ज्यादा रन शुभमन गिल 50 इनिंग के बाद सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं। वे अब तक करीब 60 की औसत से 2587 रन बना चुके हैं। दूसरे नंबर पर साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला हैं, जिन्होंने 50 इनिंग के बाद 2486 रन बनाए थे। अहमदाबाद में सेकेंड हाईएस्ट वनडे टोटल अहमदाबाद में बुधवार को भारत ने 356 रन बनाए। यह इस ग्राउंड का सेकेंड हाईएस्ट वनडे टोटल है। इससे पहले 2010 में साउथ अफ्रीका ने इंडिया के खिलाफ 365/2 का स्कोर बनाया था। इंग्लैंड के खिलाफ भारत की दूसरी सबसे बड़ी जीत अहमदबाद में भारत ने इंग्लैंड को 142 रन से हरा दिया। यह भारत की इंग्लिश टीम के खिलाफ रन के अंतर से दूसरी

# मैड्रिड ओपन टेनिस: रूसी खिलाड़ी पुरुष एकल के सेमीफाइनल में पहुंचे

## रुब्लेव ने गत चैंपियन अल्कारेज का खिताबी हैट्रिक बनाने का सपना तोड़ा

**मैड्रिड , एजेंसी**

स्पेन के दूसरी वरीय खिलाड़ी और मौजूदा चैंपियन कार्लोस अल्कारेज का लगातार तीसरी बार मैड्रिड ओपन खिताब जीतने का सपना टूट गया है। बुधवार रात खेले गए पुरुष एकल के क्वार्टरफाइनल में अल्कारेज को रूस के सातवीं वरीय खिलाड़ी आंद्रेव रुब्लेव ने तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-4, 3-6, 2-6 से शिकस्त दी। 20 वर्षीय अल्कारेज खिताबी हैट्रिक बना लेते तो वह यह कमाल करने वाले पहले खिलाड़ी बन जाते। वहीं, सेमीफाइनल में रुब्लेव का मुकाबला अब अमरीका के 12वीं वरीय खिलाड़ी टेलर फ्रिट्ज से होगा। मैच सबालेंका ने कुल रिबाकिना से खेले, 5 जीते, 3 हारे



मैड्रिड ओपन में महिला एकल का सेमीफाइनल मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका और कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना के बीच खेला जाएगा। बेलारूस की दूसरी वरीय सबालेंका ने क्वार्टरफाइनल में रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा आद्रिवा को 6-1, 6-4 से हराया। चौथी वरीय रिबाकिना ने हमवतन यूलिया पुतिन्सेव को 4-6, 7-6, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफाइनल में टॉप सीड इगा स्विटेक ने अमरीका की मेडिसन कीज को शिकस्त दी।

# किंग्स कप फुटबॉल: सेमीफाइनल में अल खलीज को 3-1 से दी मात, अल नासर फाइनल में

**रियाद, एजेंसी**

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल की बदौलत अल नासर ने खेले गए मैच में अल खलीज को 3-1 से हराया और किंग्स कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अल नासर का मुकाबला 31 मई को फाइनल में सऊदी प्रो लीग की शीर्ष टीम व सऊदी सुपर कप विजेता अल हिलाल से होगा, जिसने सेमीफाइनल में अल इत्तिहाद को 2-1 से हराया था। अल नासर के लिए रोनाल्डो ने 17वें और 57वें मिनट में गोल दागे।



**34 साल से इंतजार:** अल नासर की टीम को किंग्स कप जीतने का 1990 से इंतजार है। छह बार की पूर्व चैंपियन अल नासर ने आखिरी बार 1990 में किंग्स कप खिताब अपने नाम किया था।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

# इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दी जाने वाली फीस से खुश नहीं लारा दत्ता, वेतन पर फूटा गुस्सा




लारा दत्ता इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दिए जाने वाली फीस से कुछ खास खुश नहीं हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में वेतन असमानता को लेकर खुलकर बात की है। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने क्या कहा है। बॉलीवुड अभिनेत्री लारा दत्ता इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'रणनीति-बालाकोट एंड बियॉन्ड' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। उन्होंने अपने करियर में कई शानदार किरदार निभाए हैं। हालांकि, लारा दत्ता इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों को दिए जाने वाली फीस से कुछ खास खुश नहीं हैं। अब हाल ही में, अभिनेत्री ने हिंदी सिनेमा में वेतन असमानता को लेकर खुलकर बात की है। हाल ही में, एक इंटरव्यू में अभिनेत्री ने खुलासा किया कि महिलाएं इंडस्ट्री में अपने कई पुरुष कलाकारों की तुलना में कड़ी मेहनत करती हैं फिर भी ज्यादातर महिलाएं भाग्यशाली हैं कि उन्हें पुरुष अभिनेताओं को मिलने वाले वेतन का दसवां हिस्सा मिलता है। लारा दत्ता ने बताया कि वे प्रक्रिया में हैं और बहुत सारी महिलाएं हैं, जो इस धारणा में बदलाव करने की कोशिश कर रही हैं उन्होंने कहा कि पहले, यह सोचा जाता था कि जब आप 30 वर्ष की उम्र तक पहुंचते हैं, तो आपके लिए घर बसाने का समय आ जाता है क्योंकि आपका करियर खत्म हो जाता है। इस बीच, लारा दत्ता नितेश तिवारी की रामायण में कैकेयी की भूमिका को लेकर भी काफी चर्चा में चल रही हैं।

## पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद स्ट्रगल करना पड़ा...

शाहिद कपूर की हालिया फिल्म 'तेरा बातों में ऐसा उलझा जिया' को दर्शकों ने खूब पसंद किया है। शाहिद पिछले 20 साल से अधिक समय से फिल्मी दुनिया में एक्टिव हैं। हालिया इंटरव्यू में उन्होंने खुलासा किया है कि दिग्गज एक्टर पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद उन्हें इंडस्ट्री में कोई फायदा नहीं हुआ। 2003 में शाहिद ने फिल्म इश्क विश्क से बॉलीवुड डेब्यू किया था। पहली फिल्म के पहले उन्होंने संघर्ष का लंबा सफर तय किया था। उन्होंने दिल तो पागल है और ताल जैसी फिल्मों में बतौर बैकग्राउंड डांसर काम किया था। हाल में शाहिद ने फिल्मी स्ट्रगल पर बात की। उन्होंने कहा कि पंकज कपूर के बेटे होने के बावजूद स्ट्रगलर्स की तरह करियर की शुरुआत की। उनका कहना था, हर कोई कहता था पंकज कपूर का बेटा है। मगर, सच बात यही है कि साइड आर्टिस्ट एक्टर्स के पास कोई पावर नहीं होता है। सिर्फ सुपरस्टार और बड़े फिल्म डायरेक्टर्स-प्रोड्यूसर्स के पास पावर होता है। उन्होंने ऐसा इसलिए कहा क्योंकि अधिकतर फिल्मों में पंकज कपूर को साइड रोल में देखा गया था। बातचीत में शाहिद ने कहा कि शुरुआत में उन्होंने कभी किसी को बताया ही नहीं था कि वो पंकज कपूर के बेटे हैं। पेरेंट्स के अलगाव के बाद वो अपनी मां के साथ रहते थे। पहली फिल्म साइन करने के बाद उन्होंने अपने पिता को इसके बारे में बताया था। शाहिद का कहना है कि वो अपने पिता से बस जरूरी राय लेते हैं। वो उनके नाम पर इंडस्ट्री में कुछ हासिल नहीं करना चाहते थे।

## भूमिका को तवज्जो देती हैं यामी गौतम, बोलीं- सिर्फ मशहूर होना मेरा मकसद नहीं



यामी गौतम इंडस्ट्री की चर्चित अदाकारा हैं। उन्होंने कई चर्चित फिल्मों में काम किया है, इसके अलावा ओटीटी पर भी उनका दबदबा दिखा है। हर नए किरदार में वह खुद को बखूबी ढालने में माहिर हैं। बीते दिनों आई उनकी फिल्म 'आर्टिकल 370' खूब पसंद की गई। हाल ही में यामी ने पारंपरिक सिनेमा और ओटीटी प्लेटफॉर्म के बीच चल रही मौजूदा चर्चा पर अपने विचार साझा किए। कुछ कलाकार माध्यम को प्राथमिकता देते हैं। मगर, उन सभी के विपरीत यामी गौतम की प्राथमिकता उनकी भूमिकाएं रही हैं, जिन्हें वे अब तक निभाती रही हैं। यामी का कहना है, मैंने कभी भी अपनी कोई फिल्म यह सोचकर नहीं चुनी कि यह ओटीटी या थिएटर के लिए बहुत अच्छी है। मैंने उन्हें उस तरह से चुना जैसे वे थीं और जो भूमिकाएं मैं निभाना चाहती थी। यामी गौतम ने ओटीटी प्लेटफॉर्म की मौजूदगी के बीच बड़े पर्दे के प्रति अपना लगाव जाहिर किया। उन्होंने स्वीकार किया कि खुद को सिनेमाघरों में देखना उनके दिल के करीब का मामला रहा है। अभिनेत्री ने कहा कि उस क्षण में कुछ खास होता है, जब रोशनी कम हो जाती है, प्रोजेक्टर चालू हो जाता है और दर्शक सिर्फ और सिर्फ उस फिल्म का लुत्फ उठाते हैं। काम के प्रति जुनून और कला के प्रति यामी के मन में जो सम्मान है, वह याद दिलाता है कि सिनेमा स्क्रीन और किसी भी माध्यम से परे होता है। यामी गौतम का कहना है कि वह अपने आगामी प्रोजेक्ट्स के लिए कहानी कहने के नए तरीकों को आजमाने के लिए भी तैयार हैं। इंडस्ट्री में आए बदलाव के साथ वह अलग रास्ते अपनाने की भी इच्छुक हैं।



**मेट्रो बाजार**

# चावल-मसालों और डेयरी सहित अन्य उत्पादों की भी होगी जांच

**मुंबई, एजेंसी**

एमडीएच और एवरेस्ट मसालों के मामले सामने आने के बाद खाद्य नियामक एफएसएसएआई ने घरेलू बाजार में बेचे जाने वाले फोर्टिफाइड चावल, डेयरी उत्पादों व मसालों जैसे अन्य खाद्य पदार्थों की जांच शुरू करने की योजना बनाई है। फल व सब्जियों, मछली उत्पादों में साल्मोनेला जैसे खाद्य पदार्थों की भी निगरानी की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) मसाला, जड़ी-बूटियां, दूध और दूध से बने उत्पादों को भी जांच के दायरे में लाएगा। सिंगापुर और हांगकांग की गुणवत्ता संबंधी चिंताओं को देखते हुए एफएसएसएआई पहले से ही एमडीएच और एवरेस्ट सहित सभी ब्रांडों के मसालों के नमूने ले रहा है। सभी मसालों के नमूने इसलिए लिए जा रहे हैं, ताकि यह जांचा जा सके कि वे एफएसएसएआई मानदंडों को पूरा करते हैं या नहीं। पिछले हफ्ते एफएसएसएआई ने कहा था कि वह नेस्ले के सेरेलैक के नमूने एकत्र करने की प्रक्रिया में है। दावा है कि कंपनी उत्पाद में ज्यादा चीनी का उपयोग कर रही है। पिछले कुछ वर्षों में विश्लेषण किए गए नमूनों की संख्या 2020-21 में 1,07,829 से बढ़कर 2023-24 में 4,51,000 से अधिक हो गई है। इस आधार पर तीन गुना ज्यादा नमून लिए गए हैं। 2020-21 में 1,07,829 नमूने लिए गए। 2021-22 में 1,44,345 नमूनों का विश्लेषण किया गया। 2023-24 में 1,77,511 नमूनों का विश्लेषण किया गया।



# हर कॉल के साथ पता चलेगा कॉलर का असली नाम

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लगातार बढ़ते फ्रॉड और स्पैम कॉल से लोगों को हो रही परेशानी पर अब लगाम लगने वाली है. दूरसंचार नियामक ट्राई ने लोगों की परेशानी का संज्ञान लिया है. नियामक ने इस बारे में एक नया प्रस्ताव रखा है. प्रस्ताव है कि हर कॉल के साथ कॉलर का असली नाम भी सामने आना चाहिए. भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण यानी ट्राई ने इसकी जानकारी दी. इसे इंट्रोडक्शन ऑफ कॉलिंग नेम प्रजेंटेशन नाम दिया है. ट्राई ने भारतीय दूरसंचार नेटवर्क में सीएनएपी सर्विस को लेकर सुझाव दिए हैं. नियामक ने बताया कि उसने इस बारे में दूरसंचार विभाग से मांगे जाने के बाद सुझावों को रखा है. दूरसंचार विभाग ने कॉलर की असली पहचान जाहिर करने को लेकर ट्राई से सुझाव देने को कहा था.दूरसंचार विभाग यानी डीओटी ने ट्राई से सुझाव मंगाया था, जिसके बाद नियामक ने नवंबर 2022 में सीएनएपी सर्विसेज को लेकर कंसल्टेशन पेपर जारी किया था। सभी संबंधित पक्षों से कमेंट्स मंगाया था. पक्ष-विपक्ष में मिली टिप्पणियों के बाद इस बारे में पिछले साल मार्च में ओपन डिस्कशन किया गया था. इन तमाम प्रक्रियाओं के बाद ट्राई ने अब अपने सुझाव तैयार कर लिए हैं. ट्राई का सुझाव है कि घरेलू टेलीकम्यूनिकेशंस नेटवर्क में कॉलर आईडी का फीचर डिफॉल्ट मिलना चाहिए. इसका मतलब हुआ कि हर कॉल के साथ कॉलर की असली पहचान जाहिर की जानी चाहिए. ट्राई के अनुसार, यह एक सप्लिमेंटरी सर्विस हो सकती है, जो ग्राहकों को ऑन रिक्वेस्ट अवेलेबल कराई जा सकती है. अगर प्रस्तावों पर अमल होता है तो जल्द ही आपके मोबाइल पर कॉलर के नंबर के साथ कॉलर का असली नाम भी दिखेगा. उक्त नंबर को लेते समय दी गई।

## खाना खाकर रात को सोए युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**भोपाल।** गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित एनटू ई सेक्टर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसकी लाश परिजन ने उसके कमरे में सिलिंग फेन पर दुपट्टे के सहारे फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया। मृतक और कमरे की तलाशी लेने पर पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही मृतक का मोबाइल कुछ दिन से खराब होने के कारण मोबाइल भी नहीं मिला है।

प्रधान आरक्षक कुबेर भदौरिया ने बताया कि मयंक सपकाले पिता मिलिंद सुखदेव सपकाले (25) एनटू- ई सेक्टर बरखेड़ा पठानी में रहता था और फेब्रिकेशन की दुकान पर वेल्डिंग का काम करता था। उसके पिता मिलिंद ने पुलिस को बताया कि मयंक उनका बड़ा बेटा था, जबकि छोटा बेटा आनंद है। मयंक मंगलवार देर रात घर पहुंचा था। उसने खाना खाया और मां से हाथ की सिकाई करने के लिए कपड़ा मांगा था। दरअसल, वेल्डिंग करते समय उसे हाथ में चोट लग गई थी। हाथ की सिकाई करने के बाद वह सो गया। सुबह परिजन की नींद खुली और वह मयंक के कमरे में पहुंचे। इस दौरान मयंक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला।

## ड्राइवर ने फांसी लगाकर की जीवनलीला समाप्त, मर्ग दर्ज



**भोपाल।** अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित भीम नगर में ड्राइवर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बुधवार तड़के उसकी लाश मकान मालिक ने फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची ने लाश बरामद कर पीएम पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। परिजन उसका शव लेकर महाराष्ट्र अपने पैतृक गांव चले गए। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार सुधीर ढहरे ने पुलिस को सूचना देते हुए बताया कि उनका भीम नगर में झुग्गी है। उक्त झुग्गी उन्होंने नरेंद्र मगरे पिता बिरछू मंगरे (45) को किराये पर झुग्गी दी थी। नरेंद्र ड्राइवरी करता था। बुधवार तड़के करीब तीन बजे सुधीर ने नरेंद्र को झुग्गी में फांसी के फंदे पर लटका देखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। नरेंद्र के रिश्तेदार भोपाल में रहते हैं, जबकि वह महाराष्ट्र का रहने वाला है। जानकारी मिलने पर महाराष्ट्र से परिजन आ गए थे। परिजन ने बताया कि दस साल पहले महेंद्र की शादी हुई थी। कुछ समय पहले उसकी पत्नी बच्चों को लेकर उसे छोड़कर चली गई। इसके बाद से ही महेंद्र अकेला पड़ गया था। पत्नी और बच्चों को छोड़कर जाने से दुखी होकर उसने फांसी लगाई है।

## ट्रक से 400 लीटर डीजल चोरी

**भोपाल।** गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के ए-सेक्टर में खड़े ट्रक से अज्ञात चोर करीब 400 लीटर डीजल चुरा ले गए। ट्रक हरियाणा से आ रहा था। रात होने की वजह से ड्रायवर व क्लीनर औद्योगिक क्षेत्र में ट्रक खड़ा कर उसमें सो गए थे। सुबह नींद खुलने पर डीजल चोरी होने की जानकारी हुई। अशोका गार्डन पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से हिसार हरियाणा निवासी सुनील कुमार (33) ट्रक ड्रायवर हैं। वह ट्रक लेकर हरियाणा से आ रहे थे। उनके साथ क्लीनर भी था। उन्हें भोपाल से आगे जाना था, लेकिन रात अधिक होने की वजह से उन्होंने गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र के ए-सेक्टर में गाड़ी खड़ी कर दी और खाना खाने के बाद ट्रक में ही सो गए। बुधवार सुबह नींद खुलने पर डीजल चोरी की जानकारी हुई। फरियादी सुनील कुमार ने अशोका गार्डन थाने जाकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज कराया है। चोरी गए डीजल की कीमत करीब 40 हजार रुपए बताई जा रही है।

### जांच की टीम में शामिल किसी पुलिसकर्मी ने वरिष्ठ अफसरों को दी सूचना

# इंटर स्टेट सटोरिए दिलीप को छोड़ा अधिकारियों ने गिरफ्तार कराया

भोपाल, दोपहर मेट्रो

**सटोरियों की धरपकड़ में जुटी क्राइम ब्रांच की टीम ने मंगलवार दोपहर को इंटर स्टेट सटोरिए दिलीप तलरेजा को पकड़ा। टीम में शामिल क्राइम ब्रांच के सब-इंस्पेक्टर कलामउद्दी ने उसे यह कहते हुए छोड़ दिया कि दिलीप की तलाशी, मोबाइल जांच में जुआ-सट्टा से जुड़े कोई साक्ष्य नहीं मिले।**



इस बीच कलामउद्दी की टीम में शामिल पुलिसकर्मी ने वरिष्ठ अधिकारियों को तलरेजा को छोडऩे की गुप्त सूचना दे दी। आनन-फानन में तलरेजा को फिर से पकडऩे के निर्देश दिए गए। पुलिस ने उसे शाम करीब साढ़े छह बजे पांच नंबर बस स्टॉफ के पास से दबोचकर क्राइम ब्रांच लेकर आई। उसके पास से करीब 5 हजार रुपए नकदी, मोबाइल में ऑनलाइन सट्टा बुक करने के सबूत मिले। क्राइम ब्रांच थाने में उसके खिलाफ गैंबलिंग एक्ट का मामला दर्ज किया गया। बाद में उसे शाहपुरा थाने के हवाले कर दिया गया। शाहपुरा पुलिस ने उसके खिलाफ धारा-151 के तहत कार्रवाई कर एसीपी कोर्ट में पेश किया। उसे जेल भेज दिया गया। 55 वर्षीय तलरेजा लवर्स कॉलोनी चूनाभट्टी में रहता है। इधर, सब-इंस्पेक्टर कलीमउद्दी की भूमिका को लेकर अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।

### 4 लाख रुपए में डील करने की चर्चा!

तलरेजा को छोडऩे की सूचना को प्रचारित करने वाले ने दावा किया कि क्राइम ब्रांच के पुलिसकर्मियों की 4 लाख रुपए में डील की बात तलरेजा से चल रही थी। हालांकि, तलरेजा से उन्होंने पैसा लिया या नहीं इसकी उसे जानकारी नहीं है। इसी बीच अधिकारियों को सूचना मिल गई। ऐसे में तलरेजा को दोबारा पकडऩा पड़ा। उसके मोबाइल की जांच हुई तो आनलाइन सट्टा बुक करने के सबूत मिले। ऐसे में उसे पहले पकडऩे वाली पुलिस टीम की भूमिका संदेहस्पद पाई गई।

### पाली सटोरिया के लिए कर रहा काम

क्राइम ब्रांच को जानकारी मिली कि दिलीप तलरेजा नादरा बस स्टैण्ड में आनलाइन सट्टा बुक करने वाले मास्टरमाइंड पाली सटोरिए के लिए काम कर रहा है। पाली भूमिगत हो गया है। पुलिस तलरेजा के मोबाइल की सीडीआर निकलवाएगी। जिससे कि पाली की करतूतों का खुलासा हो सके।

### रामू जाटव की तलाश तेज

इधर, सहज संगम अपार्टमेंट, गुफा मंदिर रोड से क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा बुक करने के आरोप में गिरफ्तार हितेष चंदानी उर्फ चूपा उर्फ हित्तू के राजदार रामू केवट की क्राइम ब्रांच तलाश में जुटी है। चंदानी के मोबाइल में रामू जाटव को लेकर तमाम साक्ष्य मिले हैं। क्राइम ब्रांच की जांच में सामने आया कि चूपा उससे ही आनलाइन आईडी लिया था। जिससे सट्टा बुक किया जा रहा था। रामू के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत 16 अपराधों का पुलिस को पता चला है। वह ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे-गेम्बलिंग का मास्टर माइंड है।

### मटका कांड में ग्वालियर में हो चुका पहले गिरफ्तार

दिलीप तलरेजा के खिलाफ क्राइम ब्रांच को पूर्व के 7 अपराध मिले हैं। इसमें अधिकतर गैंबलिंग एक्ट के हैं। पुलिस को जानकारी मिली कि कुकरेजा मुंबई से चलने वाले मटका कांड में भी शामिल रहा है। उसे ग्वालियर पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके बाद वह भोपाल आ गया था। पाली से पहले वह दुबई में बैठे सटोरिया गिरीष तलरेजा के लिए काम करता था। 6 साल पहले गिरीष के ठिकाने में छापा मारकर पुलिस ने 1 करोड़ 20 लाख रुपए जब्त किए थे। मामले में गिरीष की गिरप्तारी हुई थी। जमानत पर छूटने के बाद वह दुबई शिप्ट हो गया। दुबई से वह गोरखधंधा संचालित कर रहा है। उसके दुबई जाने के बाद दिलीप पाली से जुड़ गया। दोनों ऑनलाइन सट्टा बुक करते हैं।

## गोल्ड चेन को लेकर सौरभ और उसके साथियों से पूछताछ जारी

**प्रॉपर्टी की तस्दीक कराने आरोपियों को साथ लेकर जाएगी**

**ईडी आरोपियों से न मिलने देने के कारण परिजन ने कोर्ट में लगाया आवेदन**




भोपाल, दोपहर मेट्रो

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी चेतन सहित शरद से ईडी गोल्ड चेन के बारे में पूछताछ कर रही है। ईडी पूछताछ के बाद चेन में शामिल होने वाले अन्य लोगों के खिलाफ भी एफआईआर करेगी। ईडी ने आरोपियों को 17 फरवरी तक रिमांड पर लिया है। उनसे लगातार पूछताछ की जा रही है। इधर सौरभ के परिजन ने कोर्ट में आवेदन दिया है कि उन्हें सौरभ से मिलने दिया जाए। हालांकि बुधवार को कोर्ट की छुट्टी होने के कारण सुनवाई नहीं हो सकी। आवेदन पर गुरुवार को कोर्ट में सुनवाई हो सकती है। इधर मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सौरभ शर्मा को लेकर बड़ी बात कही है। सिंघार ने कहा, सौरभ शर्मा छोटी मछली है। आगामी 15 फरवरी को बड़ा खुलासा करेंगे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने परिवहन घोटाले के आरोपी सौरभ शर्मा को छोटी मछली बताया है। उन्होंने आरोप लगाया है कि इसमें और कई बड़े नाम शामिल हैं। कांग्रेस 15 फरवरी को भोपाल में मीडिया के सामने इस मुद्दे पर चर्चा करेगी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने 27 दिसंबर 2024 और 17 जनवरी 2025 को सौरभ शर्मा, उनके परिवार के सदस्यों सहित उनके सहयोगियों में शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौड़ सहित अन्य के आवासीय परिसरों में छापा मारा था। इस दौरान संपत्तियों, कंपनियों, फर्मों में किए गए निवेश और अन्य सस्पेक्टेड दस्तावेज बरामद किए गए। अब तक की जांच में यह बात सामने आई कि सौरभ शर्मा और उनके परिवार, मित्रों, फर्मों के नाम पर लगभग 25 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों में निवेश किया।

## बाइक और एक्टिवा की टक्कर में हुए विवाद के बाद पीछा कर मार दी गोली

**पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर कॉलोनी की घटना, कंधे के पास लगी गोली**

**निशातपुरा पुलिस ने दर्ज किया हत्या के प्रयास का मामला, नंबर के आधार पर एक्टिवा सवार की तलाश जारी**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

निशातपुरा थाना क्षेत्र स्थित पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर कॉलोनी में बुधवार दोहपर एक्टिवा सवार युवक ने बाइक सवार युवक पर फायर कर दिया। फायर होने के बाद गोली बाइक पर पीछे बैठे युवक के कंधे के पास हाथ में लगी। गोली बांह को चीरते हुए बाइक के साइड मिरर में जा धंसी। फरियादी का कहना है कि उसकी बाइक और एक्टिवा में टक्कर हुई थी। टक्कर के बाद विवाद हुआ। विवाद बड़ने पर आरोपी ने उनका पीछा किया और फायर कर दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मोहम्मद जाहिद खान पिता शफीक खान (33) गली नंबर-3, चांदबड़, स्टेशन बजरिया में रहते हैं और



टेलरिंग शॉप चलाते हैं। बुधवार दोपहर वह अपने दोस्त जोएब खान के साथ करोंद मंडी जा रहे थे। जोएब की होटल है और उसे करोंद मंडी से खरीदारी करनी थी। दोनों दोपहर करीब 12 बजे के आसपास बेस्ट प्राइज करोंद पहुंचे थे कि उनकी बाइक एक्टिवा से टकरा गई। एक्टिवा से बाइक टकराने के कारण एक्टिवा चालक से उनका विवाद होने लगा। गालीगलौज के बीच एक्टिवा सवार ने अपने छोटे बैग की चेन खोली। बाइक पर पीछे बैठे जाहिद की नजर पड़ी तो उसमें कट्टा नजर आया। उसने जोएब को कहा कि इसके पास हथियार है जल्दी गाड़ी भगाओ। यह सुनते ही जोएब ने बाइक स्टार्ट की और पीपुल्स मॉल के पीछे की तरफ भागने लगे। एक्टिवा सवार भी उनके पीछा करने लगा।

### प्रीमियर कॉलोनी में रुकने के बाद मारी गोली

जाहिद ने बताया कि वह भागकर पीपुल्स मॉल के पीछे प्रीमियर कॉलोनी तक पहुंच गए थे। पलटकर देखा तो उन्हें एक्टिवा सवार नहीं दिखा और वह रुक गए। इसी बीच एकाएक एक्टिवा सवार पहुंचा और उसने कट्टे से फायर कर दिया। फायर होने से गोली जाहिद के हाथ के कंधे के पास लगी थी। गोली हाथ की बांह को चीरते हुए बाइक के साइड मिरर में जा धंसी थी। फायर करने के बाद आरोपी वहां से भाग निकला।

### एक्टिवा के नंबर पर की जा रही तलाश

मामले की जांच कर रहे एएसआई प्रेम नारायण ने बताया कि घटना 12 से साड़े 12 बजे के बीच की है। जाहिद और जोएब ने फायर करने वाले आरोपी की एक्टिवा का नंबर देख लिया है। पुलिस नंबर के आधार पर आरोपी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

**मेट्रो एंकर** केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल की कॉस्टेबल भर्ती परीक्षा फजीर्वाड़ा में आरोपी अब तक फरार

## मुरैना में नहीं मिला परीक्षार्थी, भोपाल में तलाश, 6 दिन बाद पुलिस खाली हाथ

**अब सीडीआर निकलवा रही है पुलिस, ताकि पता चल सके लोकेशन**



भोपाल, दोपहर मेट्रो

राधारमन कॉलेज रातीबड़ में आयोजित सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) कॉस्टेबल भर्ती परीक्षा में खुद की जगह अपने दोस्त को साल्वर बनाकर परीक्षा में बिठाने वाले मुरैना के उम्मीदवार मनोज गहलोत का 6 दिन बाद भी सुराग नहीं लग सका है। रातीबड़ पुलिस ने परीक्षा का आयोजन करने वाली कंपनी की मदद से साल्वर को परीक्षा देने से पहले ही रंगे हाथों गिर तार कर लिया था। फिलहाल उसे जेल भेज दिया गया है। मुख्य परीक्षार्थी की गिर तारी के लिए पुलिस की अलग-अलग टीमें भोपाल में संभावित ठिकानों पर दबिश दे चुकी है लेकिन उसका सुराग नहीं लग सका है। पुलिस का कहना है कि आरोपी अपने गृहनगर मुरैना नहीं गया है। वो भोपाल में ही कहीं छिपा हुआ है। मोबाइल बंद होने से उसकी लोकेशन भी नहीं मिल पा रही है।

### कॉलेज के बाहर से भागा था मनोज

सात फरवरी को राधारमन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन कॉलेज रातीबड़ में एसएससी-जीडी कांस्टेबल की परीक्षा के दौरान परीक्षार्थी मनोज गहलोत (23) निवासी पोरसा अंबाह हिंगावली मुरैना, के स्थान पर सुनील ठाकुर साल्वर बनकर परीक्षा देने के लिए उपस्थित हुआ था। फोटो और फेसमैच का मिलान नहीं होने पर परीक्षा आयोजित कराने वाली कंपनी के अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया था। पूछताछ में उसने बताया था कि मनोज गहलोत ने उसे 50 हजार रुपए देने का वादा किया था। वह कॉलेज के बाहर अपने वाहन के साथ मौजूद था। लेकिन जैसे ही सुनील को गिर तार करने पुलिस मौके पर पहुंची, मनोज वहां से फरार हो गया था। दोनों की मुलाकात दिल्ली के एक रिसोर्ट में काम करने के दौरान हुई थी। रिसोर्ट में ही परीक्षा में फजीर्वाड़ा करने की योजना तैयार की गई थी।

### 6 दिन बाद भी नहीं मिली सीडीआर

कॉलेज से बाहर आते ही आरोपी मनोज गहलोत उसे 50 हजार रुपए देने वाला था। मनोज के पास अपना और सुनील का मोबाइल भी था। फरार होते समय उसने दोनों मोबाइल बंद कर लिए थे। इसलिए उसकी लोकेशन नहीं मिल रही है। एसआई ओपी रघुवंशी ने बताया कि मुरैना पुलिस ने आरोपी मनोज गहलोत की तलाश की लेकिन वह मुरैना में कहीं नहीं मिला। उसके भोपाल में ही कहीं छिपे होने की आशंका जताई जा रही है। सायबर सेल की मदद से मनोज और सुनील के मोबाइल की सीडीआर निकलाई जा रही है। सीडीआर की मदद से ही पता चल सकेगा कि बीते छह दिन के दौरान मनोज गहलोत ने कब-कब और कहां-कहां मोबाइल ऑन किए हैं। पुलिस को आरोपी मनोज के कब्जे से असल और फर्जी दस्तावेज बरामद करना हैं।

## छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**भोपाल।** कटारा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित रामायण साउथ एवेन्यू में बुधवार रात दसवीं के छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि वह पढ़ाई को लेकर तनाव में रहता था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार सिद्धार्थ ढाकुर पिता स्वर्गीय प्रमोद ढाकुर (15) रामायण साउथ एवेन्यू, कटारा हिल्स में रहता था और निजी स्कूलों में दसवीं कक्षा का छात्र था। उसके पिता की कुछ समय पूर्व मृत्यु हो चुकी है।

### बच्चियों से अश्लील हरकत करने वाला गिरफ्तार

**भोपाल।** राह चलती बालिकाओं और युवतियों के साथ अश्लील हरकत करने वाले एक आरोपी को कटारा हिल्स पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पिछले काफी समय से छेड़छाड़ की शिकायतें मिल रही थी। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सेफ क्लिक अभियान के तहत उसे गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी इलाके में करीब एक दर्जन बालिकाओं के साथ इस प्रकार की हरकत कर चुका था। कटारा हिल्स थाना प्रभार बिजेंद्र निगम ने बताया कि इलाके में रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी स्कूली छात्रा है। सोमवार दोपहर वह स्कूल से पैदल घर लौट रही थी, तभी स्कूटर सवार एक युवक ने उसके साथ अश्लील हरकत की थी। बच्ची ने आरोपी और उसकी स्कूटर का हुलिया बताया था। उसके एक दिन पहले इलाके में रहने वाली 19 वर्षीय युवती के साथ भी इसी स्कूटर सवार ने अश्लील हरकत की थी।

### अपहरण के मामले में 6 माह से फरार आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल।** कोतवाली पुलिस ने अपहरण और मारपीट के मामले में पिछले छह महीने से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी शाहिद खान रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 6 पर खड़ा हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।आरोपी की गिरफ्तारी पर तीन हजार रुपये का इनाम घोषित किया था। पिछले साल 13 अगस्त को दानिश खान ने रिपोर्ट दर्ज कराइ।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022